इंदौर
बुधवार
18 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 154

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट


स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

कुलगाम हमले का आतंकी एनकाउंटर में ढेर



मस्जिद में छिपा था, सरेंडर न करने पर गई जान...

कुलगाम • एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के दक्षिण कश्मीर स्थित कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों ने लश्कर कमांडर आतंकी लतीफ भट को मुठभेड़ में मार गिराया। इसके पहले कुलगाम में सुरक्षाबलों पर हमला करने वाला आतंकी लतीफ भट एक मस्जिद में छिप गया था। सुरक्षाबलों ने उसे चारों तरफ से घेर लिया था। सुरक्षाबलों ने उसे कई बार अल्टीमेटम दिया और कहा कि जिंदा रहना है तो सरेंडर कर दे, लेकिन जब इस आतंकी ने सरंडर नहीं किया तो सेना ने उसे मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने उसे बाहर निकालने के लिए आंसूगैस के गोले दागे। जैसे ही वह आंसू गैस के कारण मस्जिद से बाहर निकला तो सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर करते हुए उसे गोली मार दी। इसके पहले वह सुरक्षाबलों पर मस्जिद से फायरिंग कर रहा था। सेना उसे जिंदा पकड़ना चाहती थी। 11 नवंबर को आतंकी लतीफ भट और उसके साथी निसार ने सीआरपीएफ की पोस्ट पर फायरिंग की थी।

चांदी 6000 और सोना 3000 रुपए सस्ता हुआ

मुंबई • एजेंसी

सोना चांदी के भाव में चल रही उथल-पुथल के बीच आज सोना और चांदी के दाम फिर गिर गए। आज सुबह चांदी 6,080 (3.6प्रश) टूटकर 1,63,622 प्रति किलो और सोना 3,103 (2.3प्रश) गिरकर 1,31,120 प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

जनवरी में रिकॉर्ड बनाने वाले सोना-चांदी अब 2026 में नुकसान में आ गए हैं। हालांकि एक साल पहले के मुकाबले दोनों अब भी थोड़ा महंगे हैं।

18 नवंबर 2025 को एमसीएक्स पर सोना 1,22,640 और चांदी 1,54,644 पर थी। इस बीच आज शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला।

ट्रक ड्राइवर को खुली 12 करोड़ की लॉटरी

मोहाली.एजेंसी। पंजाब के मोहाली में रहने वाले ट्रक ड्राइवर बलजिंदर सिंह पिछले 15 साल से त्योहारों पर लॉटरी का टिकट खरीद रहे थे। इस बार दिवाली बंपर में 500 रुपए के टिकट ने उन्हें 12 करोड़ रुपए का इनाम दिला दिया।

धीरेंद्र शास्त्री बोले- कथा रोकोगे तो नमाज भी रुकेगी

प्रतापगढ़ • एजेंसी

प्रतापगढ़ में रामकथा के दौरान बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री ने धार्मिक आयोजनों को रोकने की कोशिशों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कथा रोकने की मांग उठी तो नमाज रोकने की मांग भी उठ सकती है, जिससे सामाजिक व्यवस्था बिगड़ सकती है। ज्ञात रहे कि यह कथा राजा भैया करवा रहे हैं जिसका अखिलेश यादव की पार्टी सपा विरोध कर रही है। उन्हें डर है कि चुनाव में इसका फायदा भाजपा को मिल सकता है। कथा शुरू होने से पहले राजा भैया ने भी हिन्दू विरोधियों को जमकर फटकार लगाई।

छठ पर कौन सा गाना बजेगा, इसी पर चले ईंट पत्थर

बेतिया.एजेंसी। बिहार के बेतिया में छठ पूजा का माहौल था। गांव में दो डीजे सेट लगे थे और लोग गानों पर झूम रहे थे। लेकिन डीजे पर कौन-सा गाना बजेगा, इसी बात को लेकर शुरू हुआ विवाद अगले दिन इतना बढ़ गया कि गांव में छतों से ईंट-पत्थर बरसने लगे। कुछ ही देर में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

गोरखपुर में अखिलेश का चुनावी रोड शो आज

गोरखपुर.एजेंसी। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी राजनीतिक सक्रियता तेज कर दी है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जिले गोरखपुर में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान वह करीब 20 किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे।

दिल्ली लौटे मोदी

नई दिल्ली.एजेंसी। पीएम नरेंद्र मोदी फिलीपींस की राजधानी मनीला में दो दिवसीय उच्च-स्तरीय राजनयिक यात्रा पूरी करके आज तड़के नई दिल्ली लौट आए। आज वे प्रिंस विलियम से मुलाकात करेंगे।

मेनका ने कहा था– सोनिया मेरी दोस्त नहीं

बुधवार.एजेंसी। सोनिया गांधी की किताब के लॉन्च होते ही मेनका गांधी का पुराना वीडियो सामने आया है जिसमें वो अपनी जेठानी के साथ रिश्तों के बारे में बात कर रही हैं। उन्होंने कहा है कि वो और सोनिया दोस्त नहीं थे।



राहुल ने अमेरिका में कहा– भारत आर्थिक आपदा की कगार पर

बुधवार.एजेंसी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस समय अमेरिका दौरे पर हैं। उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी में छात्रों से भारत को लेकर बात की। उन्होंने भारत को एक आर्थिक आपदा की कगार पर खड़ा बताया। उन्होंने भारत की बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि भारत में युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में पहले के मुकाबले 20 से 50 गुना ज्यादा पैसा खर्च किया जा रहा है और कई सीटों पर 5 लाख के अंतर से हार-जीत हो रही है।

ट्रम्प की हत्या की साजिश में पाकिस्तानी को 27 साल जेल

वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की साजिश रचने के मामले में पाकिस्तानी नागरिक आसिफ मर्चेंट को 27 साल 6 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। वह ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के लिए काम कर रहा था। उसने अमेरिका में एक नेता की हत्या कराने के लिए हत्यारों को 5 हजार डॉलर (करीब 4.4 लाख रुपए) एडवांस भी दिए थे। हालांकि, जिन लोगों को उसने हत्या के लिए सुपारी दी, वे एफवीआई के अंडरकवर एजेंट थे।



दुनियाभर में ठप हुई एप्पल की सर्विस

बुधवार.एजेंसी। आईफोन मेकर एप्पल की कई सर्विस अचानक से ठप पड़ गईं। अमेरिका समेत दुनियाभर के कई देशों में एप्पल की क्लाउड सर्विस, पेमेंट सर्विस और म्यूजिक सर्विस आदि प्रभावित हुई हैं। भारतीय समयनुसार ये सर्विस मंगलवार रात को बंद हुईं, जिसकी वजह से लाखों यूजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ा है। अमेरिका में इस तरह का यह चौथा केस है। इसके पहले माइक्रोसॉफ्ट, विमान सेवा और बैंकिंग सिस्टम ठप हुए थे।

आग लगने के बाद गिरा विमान, 19 मरे

मास्को.एजेंसी। रूस के पश्चिमी साइबेरिया स्थित केमेरोवो क्षेत्र में सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी 19 लोगों की मौत हो गई। विमान में पहले आग लगी और फिर वह नीचे गिर गया।

दाऊद के गढ़ में मस्जिद पर चलेगा बुलडोजर

मुंबई.एजेंसी। मुंबई के भिंडी बाजार स्थित हाजी इस्माइल हबीब मुसाफिरखाना पर बीएमसी बुलडोजर कार्रवाई करेगी। बीएमसी ने नोटिस जारी कर बताया कि इमारत की जर्जर हालत से लोगों की जान को खतरा है और सेकंड कूपर स्ट्रीट के सड़क चौड़ीकरण में भी ये बाधा बन रही है। ऐसे में अंडरवर्ल्ड दाऊद इब्राहिम के गढ़ में स्थित इस मस्जिद को 18 और 19 नवंबर को जमींदोज किया जाएगा।

क्रेन ने रोके प्लेन

बुधवार.एजेंसी। केरलम में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक ऊंची क्रेन खड़ी होने के कारण दो विमानों को लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। ऐसे में दोनों विमानों को 20-30 मिनट तक हवा में चक्कर लगाना पड़ा।

एयर स्पाई जेट की उड़ानें ठप, फंसे यात्री, किया हंगामा

मुंबई.एजेंसी। आर्थिक संकट से जूझ रही स्पाइसजेट की ऑपरेशनल मुश्किलें अब यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार शाम 7 बजे से स्पाइसजेट की कोई भी फ्लाइट उड़ान नहीं भर सकी। इसके चलते सैकड़ों यात्री एयरपोर्ट पर फंस गए। कई घंटे इंतजार के बाद भी यात्रियों को यह जानकारी नहीं मिल पाई कि उनकी फ्लाइट कब रवाना होगी। नाराज यात्रियों ने एयरलाइन के काउंटर पर हंगामा किया और नारेबाजी भी की।



श्री राम जय राम जय जय राम



जय श्री सीताराम जय श्री सीताराम

आमंत्रण

परम पूजनीय प्रात: स्मरणीय अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008

श्री सुंदरदास जी महाराज जी

की 33 वीं पुण्यतिथि दिनांक 18 नवंबर, बुधवार को मनाई जाएगी

श्री सदगुरु देव भगवान का पाद पूजन एवं आरती समय 11 बजे



भंडारा प्रसादी- दोपहर 12 बजे से

स्थान-सुंदरधाम आश्रम, खेड़ीघाट, बड़वाह



आदरणीय विधायक श्री रमेश मेंदोला मित्र मंडल सोनाली विजय परमार पार्षद वार्ड 18

॥ तन-मन-जीवन तुझसे पायातुझको मैं क्या करूं समर्पण । भक्ति भाव से हरि भजन ही, तेरे श्रीचरणों में अर्पण ॥



माँ प्रणाम

ममता और वात्सल्य की प्रतिमूर्ति

ब्रह्मलीन अखण्ड सौभाग्यवती माँ

श्रीमती रामप्यारी देवी मेन्दोला

के पुण्य स्मरण दिवस पर हनुमान जी के परम उपासक

पं. रसराज जी महाराज

के मुखारविन्द से भजन निशा





18 नवम्बर 2026, रात्रि 8 बजे से

श्री गणेश मंदिर परिसर, रोड नं. 17

नव्दा नगर, इन्दौर

आप सादर आमंत्रित हैं



पार्षद वार्ड 18 सोनाली विजय परमार

विनीत : मेन्दोला परिवार, इन्दौर

कांग्रेस ने किया ओव्हरब्रिज समस्या पर प्रदर्शन

नेताओं की हुई पुलिस से झड़प, मार्च तक काम कराने का अल्टीमेटम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे ने बताया कि किशनगंज ओव्हरब्रिज का काम रुका पडा है, कई जगह से सड़क खुदी पडी है। किशनगंज ओवरब्रिज की बदहाली पर जिला कांग्रेस ने अम्बेडकर नगरी महू में विरोध का प्रदर्शन किया। विपिन वानखेडे और युवक कांग्रेस महू विधानसभा अध्यक्ष ओम पटेल के नेतृत्व में प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस बल के बीच जमकर तीखी झड़प और धक्का-मुक्की भी हुई। वानखेड़े ने बताया कि किशनगंज ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पिछले पांच वर्षों से अधूरा पड़ा है और बीते डेढ़ साल से काम पूरी तरह बंद है। मुख्य मार्ग



बाधित होने के कारण सारा यातायात संकरी सर्विस लेन से गुजर रहा है, जिससे आए दिन गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद न तो यहाँ स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की गई है और न ही प्रशासन ट्रैफिक व्यवस्था पर ध्यान दे रहा है। उल्लेखनीय है कि करीब 15 दिन पूर्व इस समस्या को लेकर युवा कांग्रेस ने सांकेतिक धरना देकर चेतावनी दी थी इस पर पुलिस ने युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सहित अन्य युवा कांग्रेसियों पर प्रकरण दर्ज किया था जिससे भी युवा कांग्रेसी और जिला कांग्रेसी नाराज थे। ज़ब इस मामले में विपिन वानखेड़े, ओम पटेल और बड़ी संख्या में कांग्रेसी ज्ञापन सौंपने आगे बढ़े, तो मौके पर मौजूद महू थाना टीआई और पुलिस बल से उनकी तीखी झड़प हो गई। कांग्रेस के उग्र रुख को देखते हुए अंततः प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आश्वासन दिया कि मार्च तक हर हाल में ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कर आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही सर्विस लेन पर तत्काल स्ट्रीट लाइट लगवाने और यातायात व्यवस्था सुचारू रखने का भरोसा भी दिलाया गया। कांग्रेस ने मार्च तक ब्रिज पूरा नहीं होने पर प्रदर्शन की फिर चेतावनी दी।

कांग्रेस करेगी हर बूथ पर वोट रक्षक की नियुक्ति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

रक्षक हटाए गए मतदाताओं का बूथ पर कराएंगे सत्यापन, चौपाल का आयोजन भी होगा, आयोजन के चित्र और समाचार भोपाल भेजना होंगे, कांग्रेसियों को भोपाल भी मार्च में शामिल होने के लिए पहुंचना होगा

संविधान दिवस 26 नवम्बर को भोपाल में संविधान रक्षा मार्च के माध्यम से 'वोट बचाओ, देश बचाओ' एवं 'वोट रक्षक अभियान' का शुभारंभ होगा। प्रदेश कांग्रेस ने इस संविधान रक्षा मार्च की जानकारी शहर और जिला कांग्रेस को भी भेजी है। प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश भर के एक लाख लोगों के यात्रा में शामिल होने का लक्ष्य रखा है।

इस विरोध की यात्रा में सभी शहर और जिले से बूथ स्तर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। इधर प्रदेश कांग्रेस ने निर्देशित किया कि 22 नवंबर तक समस्त जिलों में बैठकें आयोजित कर प्रत्येक वूथवार कम से कम एक वोट रक्षक की नियुक्ति की जाए। मंडलम अध्यक्षों को पहले प्रशिक्षित करना फिर मंडलम अध्यक्ष द्वारा वोट रक्षक को प्रशिक्षित किया जाएगा। इन वोट रक्षक में बीएलए, बूथ समिति सदस्य और युवा कार्यकर्ता शामिल होंगे। 22 से 30 नवंबर तक मंडल अध्यक्षों की निगरानी में वोट रक्षकों द्वारा, हटाए गये मतदाताओं का बूथ स्तर पर सत्यापन कराना। प्रत्येक दिन के कार्य की प्रगति रिपोर्ट मंडलम अध्यक्ष द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष को, ब्लॉक अध्यक्ष जिला को एवं जिला अध्यक्ष द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सचित्र अनिवार्य रूप से प्रेषित करना होगा। 29 नवंबर से 15 दिसंबर तक वोट रक्षकों द्वारा किए गये सत्यापन के निष्कर्षों के आधार पर ग्राम स्तर पर 'वोट बचाओ, देश बचाओ चौपालों' का आयोजन कराना, बूथ स्तर पर नागरिकों को भी वोट रक्षक के रूप में जोडना होगा। मंडलम अध्यक्षों को अपने दायित्व निभाने होंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर शहर कांग्रेस के पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, ब्लाक अध्यक्ष भी पूरी निगरानी करेंगे। उक्त निर्देश प्रदेश कांग्रेस की ओर से संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले ने भेजे है।

इधर कांग्रेस ने एआईसीसी द्वारा भेजे गए वोट रक्षक एप को अब अपने शहर पदाधिकारियों के अलावा ब्लॉक, मंडलम अध्यक्षों के साथ विधानसभा प्रभारियों को भी भेजना शुरू कर दिया है। कांग्रेस सर्कुलर के साथ यह भी बता रही है कि वोट रक्षक प्रशिक्षण की जानकारी को पूरी तरह पढ़े और मतदाता सूची से हटाए गए नामों की जांच करें, जिनके नाम गलत तरीके से काटे गए उनके मताधिकार की रक्षा की जाए। सबसे पहले अपने परिवार के सदस्यों के वोटर लिस्ट में नाम चेक करें, हर बूथ पर वोट रक्षक नियुक्त करने का काम भी मंडलम अध्यक्ष का रहेगा। घर-घर सम्पर्क कर मतदाताओं की सूची चेक करें, जिनके नाम नहीं है उनके नाम जुड़वाए। कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने सभी को निर्देशित किया है कि वे रोजाना कार्य कर प्रगति रिपोर्ट सचित्र भेजे।



पानी के लिए परेशान रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन, दी चेतावनी

चितावद काकड़ के रहवासी बोले 3 किलोमीटर दूर से ला रहे हैं पानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विधानसभा 3 के वार्ड 64 चितावद काकड़ के रहवासी इन दिनों पानी की समस्या से परेशान है। परेशान रहवासियों ने नर्मदा पेयजल की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा और बताया कि पानी की परेशानी इतनी हो गई कि वे 3 किलोमीटर दूर से पानी ला रहे हैं। झोन 18 के अधिकारियों को संज्ञान में भी लाया गया था। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी इसकी जानकारी दी गई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, अब सीधे-सीधे रहवासियों ने कल प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा और अब चेतावनी दी कि अगर पानी की समस्या हल नहीं हुई तो वे प्रदर्शन करेंगे। यह भी कहा कि वे रोजाना टैंकर से पानी भी डलवा रहे हैं। ज्ञापन में रहवासियों ने मांग की कि तीन इमली बस स्टैंड से पावर नगर तक डाली गई 6 इंच की नर्मदा पाइप लाइन को आगे बढ़ाकर 8 इंच की लाइन चितावद काकड़ तक डाली जाए। दिनेश कुशवाहा, रवि यादव, प्यारेलाल सवनेर, आनंद सवनेर, हर्ष सेवनेर, महेश फूल सहित क्षेत्र के रहवासी शामिल थे।



विधायक-पार्षद ने दी धर्मशाला के लिए 50 लाख की सौगात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधायक महेन्द्र हार्डिया और वार्ड 54 के पार्षद महेश बसवाल के प्रयासों से बलाई समाज धर्मशाला के लिए 50 लाख रु. की राशि स्वीकृत की गई। बलाई समाजजनों ने इस सौगात को समाजहित में माना।

कांग्रेस कल दोपहर में करेगी बैठक

भोपाल मार्च के अलावा मतदाता सूची, एप के मुद्दे पर होगी चर्चा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने बताया कि कल 19 नवम्बर को शहर कांग्रेस की गांधी भवन में दोपहर 1 बजे से बैठक होगी। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस के इंदौर में रहने वाले पदाधिकारी, सभी मोर्चा संगठन पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक, मंडलम पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। महिला संगठन, युवक कांग्रेस, भाराछासं, सेवादल भी बैठक में मौजूद रहेंगे। 26 नवम्बर को भोपाल में जो मार्च आयोजित किया गया है उस मुद्दे पर महत्वपूर्ण बैठक होगी। साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम जो चल रहा है उसे लेकर भी चर्चा की जाएगी। खासतौर से मतदाता सूची में ब्लॉक और मंडलम अध्यक्षों की जिम्मेदारी और बढ़ाई जाएगी। आब्जर्वर आरिफ नसीम खान भी इस बैठक में मौजूद रहेंगे।

विहिप ने किया गौपूजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विश्व हिंदू परिषद गौरक्षा विभाग द्वारा बद्रीनाथ जिले की सुयश विहार कॉलोनी में गोपाष्टमी पर कल गौपूजन किया गया। वृद्ध माता-पिता के सम्मान करने का संदेश स्वामी महामंडलेश्वर आदित्य चेतना ने दिया। अन्नू गेहलोत, उत्तम वाडिया, दीपक साहू, जितेन्द्र भंडारी, मोहनलाल शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



शहर का कोना-कोना रामभाजी की 'श्री' से महक उठेगा

शहर के कई मंदिरों में शाम को अन्नकूट महोत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज आंवला नवमी पर शहर के सैकडों मंदिरो में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा। बड़े मंदिरों के अलावा मोहल्लों में स्थित मंदिरों में भी कई आयोजन हो रहे है। शाम होते ही शहर का कोना-कोना रामभाजी की ''श्री'' से महक उठेगा। सैकडों घरों में आज चूल्हा नहीं जलेगा।

रणजीत हनुमान, विद्याधाम, व्यंकटेश मंदिर, वीर अलीजा सहित कई मंदिरों में आज परम्परागत अन्नकूट महोत्सव होगा। सूरज ढलते ही रामभाजी की महक पत्तलों में प्रसाद के रूप में होगी। मंदिरो में सेवा देने के लिए हजारों युवा तैयार नजर आ रहे है। सभी मंदिरों में भक्त मंडल अलग-अलग व्यवस्था सम्भालेंगे। पौराणिक मान्यता अनुसार आंवला नवमी पर आंवले के पेड़ की पूजा और उसके नीचे बैठकर भोजन करने की परम्परा रही है। यही कारण है कि आज कई मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव होगा।

आंवला वृक्ष के नीचे हो रहा है भगवान श्री हरि विष्णु का पूजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विद्याधाम मंदिर में कल गोपाष्टमी पर गौशाला में गायों का श्रृंगार हुआ। श्रद्धालुओं ने पूजन कर आरती उतारी, पेट पूजा कराई गई, गोवंश को छप्पन भोग भी लगाए और उनको व्यंजन भी परोसे गए, अन्नकूट आयोजन भी किया गया। आज सुबह से विद्याधाम सहित शहर के अन्य मंदिरों में स्थित आंवले के वृक्ष के नीचे भगवान हरि विष्णु का पूजन किया जा रहा है। बडी संख्या में मातृशक्तियां आंवला वृक्ष का पूजन कर रही है। कल गौसेवा में करण मित्तल, विष्णु बिंदल, राम ऐरन, स्वामी शिवानंद ने भी शिरकत की थी। अब मंदिर में 20 नवंबर की शाम को देव प्रबोधिनी एकादशी पर तुलसी शालिग्राम विवाह होगा। इसके बाद मंगलवार, 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का उत्सव भी मनाया जाएगा। आज आंवला नवमी पर अन्नकूट महोत्सव भी शाम को आयोजित होगा, छप्पन भोग, महाआरती के बाद अन्नकूट शुरू होगा।

यह सब्जी मंडी नहीं, रणजीत पर रामभाजी की तैयारी है





रात भर बनी अन्नकूट प्रसादी, खजराना, अन्नपूर्णा सहित 101 मंदिरों में पहुंचेगा भोग, शाम को चलित प्रसाद वितरण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर पर आज शाम होने वाले अन्नकूट महोत्सव के लिए कल सुबह से ही प्रसादी बन रही है। रात भर प्रसादी बनाने का काम चलता रहा। आज सुबह से सब्जी काटन का क्रम रणजीत महिला मंडल कर रही है। सब्जियों का ढेर रणजीत पर ऐसा लगा था जैसे सब्जी मंडी का नजारा हो लेकिन यह अन्नकूट के लिए रामभाजी की तैयारी है।

मंदिर के मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि भंडारा के लिए चलित प्रसादी वितरण की व्यवस्था की गई है। एक दर्जन से अधिक कतारों में महिला और पुरुषों को अलग-अलग प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु अपनी सुविधानुसार प्रसाद घर ले जाकर ग्रहण कर सकेंगे। कल सुबह से नुकती प्रसाद बनाने का काम शुरू हो गया था। रात भर पूड़ी बनाई गई और आज सुबह से रामभाजी बनाने का काम किया जा रहा है। खजराना, अन्नपूर्ण, बिजासन माता मंदिर सहित 101 मंदिरों में बाबा रणजीत का अन्नकूट प्रसादी का भोग लगाया जाएगा। आज शाम को बाबा रणजीत का विशेष श्रृंगार होगा, छप्पन भोग लगाए जाएंगे और शाम 6.30 बजे आरती के बाद प्रसाद वितरण शुरू होगा।

केसरीनंदन अलीजा केसर से सजे, शाम को होगा अन्नकूट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज आंवला नवमी पर पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव मनाया जा रहा है। हनुमानजी को 1 किलो केसर से चोला चढ़ाया है। वहीं मंदिर में फूल बंगला सजाया गया है। शाम 5 बजे महाआरती के बाद अन्नकूट प्रसादी शुरू होगी।



फूल बंगला सजा, 2 दिन से बन रही प्रसादी

वीर अलीजा हनुमान मंदिर के मुख्य गादीपति ब्रह्मचारी पवनानंद महाराज ने बताया कि केसरी नंदन को आज केसर एवं स्वर्ण आभूषण का चोला चढ़ाया गया है। मंदिर को कई देशी और विदेशी फूलों से सजाया गया है। हनुमान जी के चोले के लिए 1 किलो केसर का उपयोग किया गया है। शाम को 450 वर्ष पुरानी परंपरागत अन्नकूट प्रसादी होगी, जिसकी लगभग तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। भक्तों की मंदिर से अंतिम चौराहे तक बैठने की व्यवस्था की गई है। आयोजन को पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए डिस्पोजेबल मुक्त रखा गया है। खाखरे के पत्ते से बनी पत्तल का उपयोग होगा। पीने का पानी लोटे से पिलाया जाएगा। करीब 50 हजार भक्तों के लिए प्रसादी बनाई गई है। सूरज ढलते ही प्रसादी शुरू होगी जिसका क्रम अंतिम भक्त को परोसने तक रात 3 बजे तक जारी रहेगा। 800 से अधिक भक्त मंडल के सदस्य व्यवस्था संभालेंगे। भोजन के साथ भक्त भजन का श्रवण भी करेंगे।

आंकड़ों में प्रसादी....

- 7 हजार किलो सब्जियां
- 7 हजार 500 किलो आटा
- 1500 किलो बेसन
- 500 किलो मैदा
- 120 डब्बे घी
- 200 डब्बे तेल
- 2000 किलो शकर
- 40 पैकेट मसाले

इन सामग्री से नुकती, पूड़ी, राम भाजी, सेव, पेठा निर्मित होगा।

बोरिंग के पानी को शुद्ध बनाने का सिस्टम लगाएंगे

निगम खर्च करेगा 79 लाख रुपए, 4 महीने तक चलेगा अभियान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कम वर्षा के कारण इस साल इंदौर में पैदा होने वाले पानी के संकट के दौरान बोरिंग के पानी को शुद्ध बनाकर रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। इंदौर नगर निगम के द्वारा यह फैसला लिया गया है कि इस पानी को शुद्ध बनाने का सिस्टम लगाया जाएगा। इस काम पर 79 लाख रुपए खर्च होंगे। इसके लिए 4 महीने तक अभियान चलाया जाएगा।

इस बार मानसून के मौसम में इंदौर में हुई कम बारिश के कारण यह तो सभी को मालूम है कि अब गर्मी के मौसम में पानी का संकट पैदा होने वाला है। नर्मदा का पानी तो जितना मिलता है उतना मिलता रहेगा लेकिन बाकी जिन क्षेत्रों में नर्मदा के पानी की पाइपलाइन नहीं है वहां पर लोगों के सामने समस्या रहेगी। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में लोग पूरी तरह से बोरिंग के पानी पर निर्भर हैं वहां भी बोरिंग के सूख जाने की स्थिति में समस्या पैदा हो जाएगी। इस समस्या से निपटने का कोई रास्ता नगर निगम को अभी नजर नहीं आ रहा है। नगर निगम के द्वारा बार-बार समीक्षा बैठक का आयोजन कर अपने नए-नए फैसले घोषित किए जा रहे हैं।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम के अधिकारियों ने कल भी सभी विधायकों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में भी विधायकों ने उनके विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिन क्षेत्रों में पानी का संकट पैदा होने की स्थिति है ऐसे क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए वहां पर नियमित पानी पहुंचाने के लिए आवाज उठाई। यह पानी किस तरह भेजा जाएगा इसके लिए तो कोई योजना नहीं है लेकिन हां कल की बैठक में यह जरूर घोषित कर दिया गया है कि अब जिसके पास भी अवैध कनेक्शन निकलेगा उसके खिलाफ पुलिस थाने में पानी की चोरी का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऐसे लोगों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

इसके साथ ही पानी के संकट को देखते हुए नगर निगम के द्वारा बोरिंग के पानी की शुद्धता पर भी ध्यान देने का काम किया जा रहा है। नगर निगम के द्वारा यह फैसला लिया गया है कि शहर के सभी सरकारी बोरिंग पर पानी को शुद्ध बनाए रखने के लिए क्लोरिनेशन का प्लांट लगाया जाएगा। इसके माध्यम से पानी में समय के अनुसार उचित मात्रा में क्लोरीन डाला जाएगा ताकि पानी शुद्ध मिल सके। इसके लिए नगर निगम के द्वारा 4 महीने तक अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में निगम के द्वारा 79 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इस अभियान में उन स्थानों पर भी पानी की शुद्धता का काम किया जाएगा जहां से कि नगर निगम के द्वारा टैंकर में पानी भरने का काम किया जाता है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि पानी के संकट की स्थिति में बहुत सारे लोग बोरिंग के पानी पर निर्भर रहेंगे। ऐसे में इस पानी को शुद्ध रखना भी निगम की जिम्मेदारी है। शहर में नगर निगम के कम से कम 6000 बोरिंग हैं। इन सभी बोरिंग के पानी को शुद्ध करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से लोगों को शुद्ध पानी मिलना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के द्वारा ठेकेदार एजेंसी के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। निगम की कोशिश है कि दिसंबर के महीने में ही काम करने वाली एजेंसी को फाइनल कर लिया जाए ताकि इसी महीने के अंत से इस काम का अभियान शुरू किया जा सके।

70 बिल्डिंगों की निगम ने की जांच

बिल्डिंग संचालकों को दी व्यवस्था बराबर करने की चेतावनी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित 70 बिल्डिंगों की जांच की गई है। हर बिल्डिंग में आग से बचाव के उपकरण की व्यवस्था बराबर नहीं थी। ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा बिल्डिंग संचालकों को अग्नि दुर्घटना से बचाव के लिए उपकरणों की व्यवस्था बराबर करने की चेतावनी दी गई है।

इंदौर नगर निगम सीमा क्षेत्र में संचालित व्यावसायिक संस्थानों, होटल, हॉस्टल, कोचिंग संस्थानों, लाइब्रेरी, मैरिज गार्डन एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग के भवनों में अग्नि सुरक्षा (फायर सेफ्टी) व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सघन निरीक्षण एवं जांच अभियान संचालित किया गया। निगम के समस्त भवन निरीक्षकों एवं भवन अधिकारियों द्वारा इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न जोन क्षेत्रों में कुल 70 भवनों एवं व्यावसायिक संस्थानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थानों में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों, फायर सेफ्टी सिस्टम तथा अग्नि सुरक्षा से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की गई। इस निरीक्षण अभियान के अंतर्गत जोन क्रमांक 02 एवं 03 में होटल शिवानी, गीतांजलि प्लाजा, होटल नवलेरी एवं याशिका, होटल सनसाइन, होटल वीर पैलेस, होटल रॉयल डोरमेटरी, निमा काड्र्स, शरद इलेक्ट्रिक एवं होटल उपाध्याय पैलेस सहित अन्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियां पाई गईं, उनके संचालकों को आवश्यक सुधार करने, निर्धारित मानकों के अनुरूप अग्निशमन उपकरण स्थापित करने तथा फायर सेफ्टी सिस्टम को सदैव क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए।

कई भवनों में की गई सील करने की कार्रवाई- इसके अतिरिक्त जिन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त उपकरण एवं आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं पाई गईं, उनके विरुद्ध नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में विभिन्न भवनों के कार्यालय, दुकानें, किचन, गोदाम एवं अन्य उपयोग में लिए जा रहे हिस्सों को सील किया गया।



मठ पर अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बिजासन रोड स्थित हंसदास मठ पर महंत रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में आज अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उसके पहले आज सुबह अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति की गई।आज शाम अन्नकूट में बडी संख्या में संत, महंत, आचार्य, महामंडलेश्वर एवं अनेक विद्वतजन शामिल होंगे। आज शाम भगवान को छप्पन भोग लगाएंगे, श्रृंगार भी होगा, महाआरती भी की जाएगी, भजन संध्या भी चलती रहेगी। सभी देवालयों का विशेष श्रृंगार भी होगा।

ज्योतिष और वास्तु सम्मेलन में विशेषज्ञ महिलाओं का सेवा सम्मान

350 से अधिक विद्वान हुए शामिल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



सामाजिक संस्था श्री केवलराम धाम संस्था द्वारा ज्योतिष महासम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में शहर एवं प्रदेश के ज्योतिष, वास्तु एवं रत्न विशेषज्ञों ने सहभागिता की। इस अवसर पर ज्योतिष एवं वास्तु के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली मातृशक्तियों का सम्मान भी किया गया। इस बडे ज्योतिष सम्मेलन में 350 से अधिक ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञों ने निशुल्क पत्रिकाएं देखकर सेवाएं दी। डॉ. संतोष वाधवानी, प्रकाश गौड, गगनदीपसिंह भाटिया, प्रेमानंद महाराज, संजय शर्मा, सरोजनी दुबे, रोशनी शर्मा, नम्रता मालपानी मौजूद थे।



हिन्दराज राजौरिया ने 7 मेडल अपने नाम किये

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्य प्रदेश 70 वी स्टेट लेवल जिमनास्टिक कॉम्पिटिशन चिमनबाग जिम्नास्टिक मैदान में आयोजित हुई जिसमें नेशनल जिमनास्टिक खिलाड़ी माली समाज के राजौरिया परिवार के बेटे हिन्दराज राजौरिया ने प्रतियोगिता में 7 मेडल अपने नाम किए है जिसमें 2 गोल्ड मेडल,3 कांस्य पदक, 2 सिल्वर मेडल शामिल है। उक्त जानकारी नीतेश राजोरिया ने दी।



प्रयोगशाला के लिए उपकरण भेंट

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट)। पूर्वी क्षेत्र कल्याण समिति ने वार्ड53 के आजाद नगर में स्कूल की प्रयोगशाला के लिए उपकरण भेंट किए। अफजल बाबा अब्बासी, डॉ. इकबाल अब्बासी, मुश्ताक खान, डॉ. खालिद अफरीदी, आसिफ खान भी मौजूद रहे।

हनुमान मंदिर पर होगा दो दिवसीय आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माली मोहल्ला स्थित श्री महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर 22 एवं 23 नवंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम स्थापना दिवस एवं चातुर्मास समापन पर आयोजित होंगे। 22 नवम्बर को सुबह 9 बजे से अखंड रामायणपाठ का शुभारंभ होगा। सोमवार 23 नवंबर को बैकुंठ चतुर्दशी पर सुबह 9 बजे हवन-पूजन के साथ अखंड रामायणपाठ का समापन तथा शाम 5 बजे से महाप्रसादी का आयोजन होगा। आयोजन से महंत रामकिशन महाराज का सान्निध्य मिलेगा। पुजारी योगेश, सचिन सुईवाल सहित अन्य आयोजन से जुड़े है।

अमेरिकी रोटरी दल आतिथ्य से अभिभूत हुआ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज रोटरी अंतर्राष्ट्रीय का अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम है, जिसमें प्रतिभागी बारी-बारी से दूसरे देशों या मण्डलों में जाकर अतिथियों के रूप में रुकते हैं। इसमें भ्रमण, स्थानीय रोटरी प्रकल्पों को देखना और वहां के रोटेरियंस से मिलना शामिल होता है। फ्रेंडशिप एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत कैलिफोर्निया से 4 सदस्यीय टीम इंदौर प्रवास पर आया और उन्होने ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। भारतीय संस्कृति और आतिथ्य से अमेरिकी रोटरी दल जॉय एलेडारस, पैगी ह्यूसटन, मिकी ली रिच और जॉसलीन पिटेल अभिभूत हुआ। राजन बावेजा, सुशील-रुबी मल्होत्रा, अतुल- मनीषा गार्गव,अनिल-तृप्ति खरिया, विनीत-डॉ. आराधना सहाय, घनश्याम सिंग, माधुरी भरकतिया, संस्कार कोठारी, अनीश-सिम्मी मलिक, राकेश शर्मा, आलोक डे, डॉ. जी.के. पाराशर, मोहित जाखेटिया, शांतनु,शुभांगी भी भ्रमण के दौरान मौजूद रहे। इन्दौर के अलावा बाहर के दल ने मांडू की यात्रा की और फिर इन्दौर से भोपाल, पन्ना, सागर एवं खजुराहो यात्रा के लिए दल रवाना हुआ।





ताइवान में इंदौर के डॉक्टर ने लहराया भारत का परचम

दुर्लभ हृदय रोग पर शोधपत्र

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। ताइवान की राजधानी ताइपे में आयोजित प्रतिष्ठित वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ इंटरनल मेडिसीन में बॉम्बे हॉस्पिटल, इंदौर के इंटरनल मेडिसीन विभाग में रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. दिव्य कर्नावट ने दुर्लभ हृदय रोग पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। इसमें कार्डियक सारकॉइडोसिस नामक दुर्लभ हृदय रोग और समय पर इसकी पहचान नहीं होने से उत्पन्न होने वाली गंभीर जटिलताओं पर प्रकाश डाला गया। डॉ. कर्नावट का शोधपत्र सम्मेलन की एब्स्ट्रैक्ट चयन प्रक्रिया के तहत प्रस्तुति के लिए स्वीकार किया गया था। उपलब्ध जानकारी के अनुसार वे सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एकमात्र भारतीय प्रतिभागी रहे।

सुनील जैन आयोग मित्र

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। म.प्र. मानव अधिकार आयोग पर्यावास भोपाल के शोध अधिकारी संजय विश्वकर्मा ने सुनील जैन निवासी बीसीएम हाइट्स स्कीम 54 को इन्दौर जिले में दो वर्ष के लिए आयोग मित्र स्वयंसेवी निस्वार्थ सेवा देने के लिए बनाया। कई लोगों ने बधाई दी।



पत्रकार यादव बने महासचिव



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वरिष्ठ संवादाता राजेश यादव को जर्नलिस्ट एसोसिएशन आफ मध्यप्रदेश के इन्दौर संभाग का महासचिव बनाया गया। कई मीडिया कर्मियों ने बधाई दी।

निगम कर्मचारियों की यूनियन पदाधिकारियों की बैठक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नगर अनुसूचित जाति एवं निगम कर्मचारी/कामगार संघ के कार्यालय, निगम प्रांगण में सफाई कर्मचारियों के हितों एवं लंबित मांगों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम की सभी मान्यता प्राप्त यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सफाई कर्मचारियों के हित में हुए आंदोलनों एवं संघर्षों के सकारात्मक परिणामों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख रूप से विनियमित सफाई मित्रों को नियमित करने, नियमित मस्टर सफाई मित्रों के विनियमितीकरण, सफाई ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने तथा लगभग 2500 नए सफाई मित्रों की नियुक्ति एवं पूर्व शासन आदेश अनुसार मेडिकल आधार पर ऐच्छिक सेवा निर्वात कर उनके वारिस को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने हेतु पुनः निगम की तरफ़ से शासन को पत्र लिखा जाए इस विषय पर चर्चा हुई। इसके साथ ही सेवानिवृत्त एवं मृतक सफाई मित्रों के अवकाश नगदीकरण, समयमान वेतनमान, स्वास्थ्य सेवा इकाई द्वारा गणना एवं ऑडिट उपरांत आदेशानुसार एरियर भुगतान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सभी यूनियन पदाधिकारियों ने एकजुटता के साथ कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करने तथा शेष मांगों के निराकरण के लिए आपसी समन्वय बनाकर आगे की रणनीति तैयार करने पर जोर दिया । बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर निगम के समस्त सफाई मित्रों को उनका अधिकार दिलाना, वर्षों से लंबित समस्याओं का निराकरण करवाना तथा कर्मचारियों के हितों में लिए गए निर्णयों को धरातल पर लागू करवाना रहा। उक्त जानकारी महेश गौहर ने दी।




उबेजा की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर लगेगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अवतारसिंह उबेजा कि स्मृति में 20 नवम्बर को नेत्र एवं दन्त शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से किया जाएगा। डॉ. एस. एस. उबेजा ने बताया कि परीक्षण के पश्चात जिन मरीजों को मोतिया बिन्द के ऑपरेशन की आवश्यकता होगी उनके आपरेशन फेको पद्धति से निःशुल्क किये जावेगें। इस शिविर में दवाईयां एवं चश्मे भी निःशुल्क दिये जावेगें।डॉ. उबेजा ने बताया कि नन्दा नगर हॉस्पिटल पर रोजाना प्रातः 10 से 12 बजे तक पंजीयन किये जा रहे हैं।

मानावत की स्मृति में स्वास्थ्य मेला

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। हरीशचंद्र मानावत की स्मृति में 5 दिसम्बर को स्वास्थ्य मेला शासकीय स्कूल सिरपुर पर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयुष, एलोपैथिक एवं नेत्र चिकित्सक सेवाएं देंगे। प्रकाश मानावत ने बताया कि विशेषज्ञ आर्युवेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ मरीजों का परीक्षण कर परामर्श देंगे। वहीं निशुल्क एलोपैथिक चिकित्सा शिविर में नेत्रो रोग, दंत रोग, हड्डी रोग,शिशु रोग, स्त्री रोग तथा नाक, कान एवं गला रोग सहित विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। जांच के उपरांत चयनित मोतियाबिंद मरीजों का आपरेशन निशुल्क किया जाएगा। दवाइयां एवं औषधि भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।



भगवान जगन्नाथ को लगाया राधाकृष्ण समिति ने छप्पन भोग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री नटखट राधाकृष्ण सेवा समिति छावनी ने भगवान जगन्नाथ जी को 56 व्यंजनों का महाभोग लगाकर अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया। समिति अध्यक्ष गोपालदास मंगल (मंगल स्वीट्स) व संयोजक कैलाशचंद्र गोयल ने बताया कि भगवान का श्रृंगार, छप्पन भोग श्रद्धालुओं ने किए। पूजन, आरती का आयोजन भी किया गया,



पालना भी भगवान का झुलाया गया। गोपाल मंगल, कैलाश गोयल, गगन मंगल, अशोक अग्रवाल, सुभाष गोयल, रामनिवास मित्तल, सुनील गोयल, अरविंद बागड़ी, एस एन गोयल, नंदकिशोर कंदोई, मोहनलाल चौधरी, कमलनयन सिंघल, विकास अग्रवाल, अजय अग्रवाल, खूबचंद कटारिया, विकास बंसल, गोपाल जिंदल उपस्थित थे।

पासी समाज का परिचय सम्मेलन होगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पासी समाज उत्थान संगठन समिति के तत्वावधान में पासी समाज का राष्ट्रीय परिचय सम्मेलन 10 जनवरी को इंदौर में होगा। संस्था के जगमोहन वर्मा एवं रमेशचंद्र कैथवास ने बताया कि यह सम्मेलन माहेश्वरी भवन नवलखा में आयोजित होगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि पालकों को प्रवेश तभी मिलेगा जब वे प्रविष्टि में शामिल युवक-युवती को साथ में लाएंगे। वहीं श्रेष्ठ परिचय देने वाले युवक-युवती को सम्मानित कर पुरस्कृत किया जाएगा। सम्मेलन में मध्यप्रदेश के अलावा उत्तरप्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं दिल्ली राज्यों से उद्योगपति, उच्च अधिकारी, व्यापारी, नौकरी पेशा आदि विशेष रूप से शामिल होंगे। कई संकल्प दिलाए जाएंगे। प्रविष्टियां 31 दिसम्बर तक दीपक वर्मा को दी जा सकती है। इस सम्मेलन में सभी उम्र के विवाह योग्य, तलाकशुदा, विधवा, विधुर, विकलांग को प्राथमिकता दी जाएगी।

125 से अधिक तपस्वियों ने किया वर्षीतप का उच्चारण

इन्दौर (सिटी न.प्र.)। बिजासन रोड स्थित श्री केसरी वाटिका में आयोजित चातुर्मास के अन्तर्गत गच्छाधिपति विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. की निश्रा में वर्षीतप उच्चारण महोत्सव एवं धर्मसभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर 125 से अधिक वर्षीतप आराधकों ने गुरुभगवंतों की निश्रा में वर्षीतप उच्चारण की विधि संपन्न की। जावरा सहित विभिन्न स्थानों से आए तपस्वियों



एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति से आयोजन धर्ममय बन गया।मुनिराज डॉ. सिद्धरत्न विजय म.सा., विद्वदरत्न विजय म.सा. ने प्रवचन दिए। संतों ने गुरु परंपरा के आशीर्वाद को धर्म और तप की निरंतरता का आधार बताते हुए तपस्वियों की आराधना की अनुमोदना की। मीडिया समन्वयक राजेश जैन युवा ने बताया कि 125 से अधिक वर्षीतप आराधकों ने वर्षीतप उच्चारण की विधि पूर्ण की, इन तपस्वियों का बहुमान किया गया।

विद्यार्थियों को स्वेटर का वितरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शासकीय स्कूल बजरंगपुरा महू में अध्ययनरत विद्यार्थियों को ईशान ग्रुप ने सहयोगियों से सहयोग लेकर स्वेटर वितरण का आयोजन किया। सुनील जैन, अर्चना, नौरंग कासलीवाल, सुषमा जैन, मनीष जैन, भैरवसिंह चौहान, दीपाली सोनी, नरेश डाबी, शैलेन्द्र चौहान, विजय गेहलोत, मनोज चौहान, जगदीश चौहान, रतनसिंह चौहान मौजूद थे।

एक शाम, मुकेश के नाम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शांति निकेतन मॉर्निंग वॉर्कर्स ग्रुप ने दोस्ती की शाम गायक मुकेश के नाम गीतों की संगीत तारों में सज के अपने सूरज से... का आयोजन किया गया। आत्माराम अग्रवाल, नंदकिशोर जैन, मुख्तार शाह, गुल सक्सेना, अनुभा पेंडसे ने प्रस्तुतियां दी। अभिजीत गौड़, स्वरांश पाठक ने संगत की।



रक्तदान शिविर का आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सेवाराम यादव की स्मृति में खाटूश्याम मंदिर सांवेर रोड पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। 30 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। सोनू भाई, आनंद मालवीय, प्रहलाद सिंह, रोहित यादव, अनिल यादव, राधेश्याम वर्मा, विकास सुरगे, तेजपाल, महादेव सिंह, नवल गोपाला यादव, उर्वशी यादव, सुनील प्रजापति, राहुल रावस, अर्जुन धवन, यशवंत श्रीवास्तव, अमित यादव, सुनील जाधव, रोहित शर्मा, अखिलेश पांडे, विजय भालकर, आयुष यादव, वंश भालकर, वीरेंद्र प्रजापति, देवेश सेन, मनीष यादव, आनंद यादव, अशोक यादव, रुद्रांश यादव सहित अन्य रक्तदाताओं ने सहभागिता की। सदाशिव यादव काका ने उक्त जानकारी दी।





भारत विकास परिषद ने किया आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारत विकास परिषद ने अहिल्या माता गौशाला में कल गोपाष्टमी पर गो-गोपालन मिलन, गोपूजन, महाआरती, गोमाता का छप्पन भोग, श्रीनाथजी का अन्नकूट, आभामंडल परीक्षण और कांसा चिकित्सा का आयोजन किया गया। राजकुमार जैन, पंकज गांधी, राजकुमार साबू, ओमप्रकाश पसारी, सी.के. अग्रवाल, चंद्रशेखर पोरवाल, महेंद्र मोहता, अनुज राठी, संजय मेहता मौजूद रहे।

जीतो जैन लेडीज़ विंग ने नए कार्यकाल में ली जल संरक्षण की शपथ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जीतो जैन लेडीज़ विंग ने अपने नए कार्यकाल की शुरुआत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन का संकल्प लेकर कार्य की शुरुआत की। अनुभूति विज़न सेवा संस्थान की 15 मूकबधिर व विशेष आवश्यकता वाली बेटियों की हेरिटेज वॉक का आयोजन होल्कर सत्र में कराया गया। जीतो ने केवल एक दिन का सम्मान नहीं, बल्कि इन बेटियों की विशेषभूषा सहित पूरे वर्ष की शिक्षा, देखभाल व भरण-पोषण में सहयोग का संकल्प लिया। कवयित्री नायाब मिश्रा ने प्रस्तुतियां दी। टीना जैन, स्निग्धा जैन, दिलीप सी जैन, पूर्णिमा दोषी, ममता पाटनी, संध्या कुमट व लवीना जैन का विशेष योगदान रहा।





भगवान बद्रीनारायण को लगाए 56 भोग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर के मध्य प्राचीन बद्रीनारायण मंदिर नृसिंह बाजार में भगवान को छप्पन भोग लगाए, शृंगार किया गया, महाआरती और प्रसादी का आयोजन भी हुआ। पंडित अजय उपाध्याय ने उक्त जानकारी दी।

शेखावटी सेन समाजजनों का दीपावली मिलन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री चारभुजा नाथ शेखावटी सेन समाज पंचायत, मल्हारगंज इंदौर का अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। भगवान का



शृंगार कर छप्पन भोग लगाए, महाआरती की गई, प्रसादी का आयोजन भी हुआ। अमरचंद सेन, नीलेश सेन शैलू, कन्हैयालाल सेन ने शाल श्रीफल पुष्पहार से अभिनंदन किया। सीता देवी, फूली देवी, मुकेश सेन, गोपाल सेन का सम्मान किया गया। मंगल आमेरिया, लक्ष्मण सेन, राजेश मीर्दवाल, राजेंद्र सेन, महेश सेन, अशोक सेन, मनीष सेन, रामलाल सेन, गोपाल सेन, हेमंत सेन, पंकज सेन, मणि वर्मा, रामअवतार सेन मौजूद थे।

खरे और कुशवाह को गायिकी में पुरस्कार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कैट रोड पर गीत-संगीत के आयोजन में इंदौर के अलावा बाहर से भी प्रतिभागी, गायक, एंकर पहुंचे थे उनका सम्मान भी किया गया। 120 एंकरों, 30 गायकों सहित हिंदू विद्वानों का सम्मान किया गया। विनय खरे और रमेश कुशवाह को सर्वश्रेष्ठ गायक एवं सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुरेश खबुरिया, हर्षा खबुरिया, अमन पेंडे, विनोद रघुवंशी, रमेश कुशवाह, विनेश खरे, हितेंद्रसिंह चौहान, विनोद, महादेव पाल, लोकेंद्र मनोहर, मुकेश संघवी, सुरेश अहिरवार, आशिषविर, नितिन सिरसवाल, दीपक दलवी, अश्विनी दीपक, निजी शर्मा, अजय शर्मा, रीत सिरसवाल ने अपनी भूमिका निभाई।



छायाकार शर्मा बंधुओं के काका का निधन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। छायाकार विजय शर्मा, संजय शर्मा, सुनील शर्मा के काका और शांतिलाल, जीवन प्रकाश, कमल किशोर, मोहनलाल शर्मा के अनुज, दिनेश के बड़े भाई, शैलेन्द्र, नवीन, हरीश के काका, पत्रकार कपिल के ससुर महेश शर्मा का आज सुबह निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 12 बजे सिलावटपुरा से निकलकर पंचकुइया मुक्तिधाम ले जाई जा रही है। कई मीडिया कर्मियों और ब्राह्मण समाजजन, रहवासी और अन्य भी अंतिम यात्रा में मौजूद रहे।



विश्वनाथ धाम में दीपावली मिलन एवं गोपाष्टमी

स्कूली विद्यार्थियों ने लिया गौ-रक्षा एवं गौ-संवर्धन का संकल्प



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विश्वनाथ धाम परिसर स्थित गौशाला में श्री भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान ट्रस्ट द्वारा दीपावली मिलन एवं गोपाष्टमी महोत्सव के अन्तर्गत श्रद्धालुओं की मौजूदगी में गौपूजन किया। दीपावली मिलन और गोपाष्टमी का आयोजन किया गया। छात्रों को गाय के संरक्षण का महत्व भी बताया। उन्हें गौ-रक्षा एवं गौ-संवर्धन का संकल्प दिलाया। सुभाष गोयल, मुकेश कचोलिया, पंकज मित्तल, रामदास अग्रवाल धनसिंह पंवार एवं महेश मंगल, योगेश अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, मीरा गोयल उमा गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।



कानूनी जागरूकता शिविर

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शासकीय माध्यमिक स्कूल ग्राम जम्बूडी सरवर में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बाल अधिकार, शासकीय जन कल्याणकारी योजनाओं, साइबर सुरक्षा, टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी तथा नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलवाई ,साथ ही विद्यालय की कक्षा पहली दूसरी के छात्रों की बैठक व्यवस्था के लिए टेबल श्री शांति मुनि पारमार्थिक ट्रस्ट हातोद द्वारा प्रदान की गई। मिठाई का वितरण भी किया गया। कमल मड़वा, डॉ. शरद जैन, बहादुरसिंह चावडा, जसवंत सिंह चावड़ा,वीपी शर्मा, सत्यनारायण सोलंकी,दौलत पांचाल एवं स्कूल की अनिता वर्मा, मीना कुशवाह, कृष्णा चौहान, मंजू गौर, प्रतिभा शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

आयुक्त ने कटवाए सीएसआई एवं दरोगा के वेतन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने अलग-अलग झोन और वार्डों की सफाई व्यवस्था को लेकर दौरा किया। कुछ जगह स्ट्रीट लाइट चालू मिली तो कुछ जगह कचरा पाया गया, कुछ जगह व्यवस्था में लापरवाही, खाली प्लॉटों पर कचरा मिला इस पर सीएसआई और दरोगा के वेतन काटने के निर्देश दिए। इंदिरा काम्पलेक्स नवलखा में दिन में स्ट्रीट लाइट जल रही थी इस पर क्षेत्रीय विद्युत उपयंत्री लोकेश मेहता का एक दिन का और विद्युत दरोगा का तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वार्ड 7 अर्जुन पल्टन के खाली प्लाट पर कचरा और गंदगी मिलने पर वार्ड दरोगा जितेन्द्र पथरोड का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वार्ड 16 नंदबाग और टिगरिया बादशाह में भी सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने और खाली प्लाटों पर गंदगी मिलने पर सीएसआई धर्मेन्द्र जागीर एवं योगेश कल्याणे का तीन-तीन दिवस तथा वार्ड दरोगा लखन पंवार एवं राकेश मैलाने का सात-सात दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। सिंघल द्वारा वार्ड क्रमांक 20, 21, 22 एवं 23 के अंतर्गत एमआर-10 रोड, परदेशीपुरा क्षेत्र, सफेद मंदिर रोड एवं सुभाष नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इन चारों वार्ड के दरोगाओं के भी दो-दो दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए।

गोद लेकर काम शुरू करने वाली संस्थाओं का अनुबंध होगा निरस्त

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने महापौर सभाकक्ष में कहा कि निजी संस्थाएं जनभागीदारी से शहर के उद्यानों, डिवाइडरों, ग्रीन बेल्ट एवं चौराहों का विकास और रख-रखाव सुनिश्चित करें।ष

साथ में यह भी चेतावनी दी गई कि जिन संस्थाओं ने जो-जो जगह गोद ली है और कार्य प्रारम्भ नहीं किया है ऐसी संस्थाओं का अनुबंध निरस्त किया जाएगा और यह भी कहा गया कि रोटरी एवं उद्यानों की दीवारों पर प्रत्येक तीन माह में रंग-रोगन हो, पौधों की सिंचाई के लिए निगम ट्रीटेड वाटर उपलब्ध कराएगा। बॉम्बे हॉस्पिटल रोटरी, रीगल रोटरी एवं हाई कोर्ट से लेंटन चौराहे तक किए गए कार्यों की सराहना की गई। निजी कार्यों की समीक्षा भी अधिकारियों की मौजूदगी में की गई। जिन संस्थाओं ने स्थल गोद लेने के बाद अनुबंध के बावजूद अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया है अथवा जनभागीदारी के माध्यम से शहर विकास में अपेक्षित सहयोग नहीं दिया है, उन्हें अंतिम सूचना जारी की जाएगी। इसके बाद भी यदि संबंधित संस्थाओं द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता है तो उनका अनुबंध निरस्त करने की कार्रवाई की जाए।

निगम ने की मीट दुकानों पर कार्रवाई

दुकानों को किया सील, 60 हजार से अधिक का मीट अपशिष्ट शुल्क वसूला



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर में स्थित मीट दुकानों पर भी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के क्रम में निगम मीट अपशिष्ट प्रबंधन की टीम द्वारा कार्रवाई की गई। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि निगम मीट अपशिष्ट प्रबंधन टीम के माध्यम से शहर के विभिन्न स्थानों पर मीट, मछली दुकानों में सफाई व्यवस्था के क्रम में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विश्रांति चौराहे के पास स्थित मीट शॉप में सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएँ ठीक नहीं मिलने पर 7 दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही विभाग द्वारा मीट प्रभारी के निर्देशन में शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित मीट दुकानों पर सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर 8 दुकानों पर 1-1 हजार की चालानी कार्रवाई की गई। इसके साथ ही विभाग द्वारा मीट दुकानों के निरीक्षण के दौरान बकाया मीट अपशिष्ट शुल्क होने पर 53 हजार से अधिक की वसूली की गई। स्वास्थ्य अधिकारी गौतम भाटिया ने वार्ड 60 के सुभाष मार्ग सहायक सीएसआई भारत करोसिया एवं राजेश पथरोड के साथ मटन दुकान पहुंचकर जानकारी ली। 8 मीट दुकानदारों को गंदगी, पर्दा नहीं लगाने पर फटकार भी लगाई। 12 हजार 750 की चालानी कार्रवाई की गई।

कनाडिया रोड से बिचौली बायपास तक जगमगाएगा

इंदौर। लोक निर्माण विभाग द्वारा कनाड़िया रोड पर होलकर प्रतिमा से लेकर मयंक ब्लू वाटर पार्क होते हुए बिचौली बायपास तक के बड़े हिस्से में अब बेहद जल्द नए साल से पहले आकर्षक लाइटिंग लगाकर जगमगाने की तैयारी शुरू कर दी है, जिसके तहत लंबे समय से सड़क निर्माण के बाद लाइटिंग और डिवाइडर की लगातार मांग एवं शासन से देरी से मिली परमिशन के बाद अब पीडब्ल्यूडी अफसरों ने दुर्घटना और हादसों पर रोक के लिए तैयार सड़क के बीच के हिस्से में तीन फीट ऊंची हाइट के एक जैसे डिवाइडर निर्माण का कार्य वर्तमान में तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है।

वही पीडब्ल्यूडी अफसरों के मुताबिक डिवाइडर निर्माण कार्य पूरा होने के बाद फिर कनाड़िया रोड़ के इस लगभग ढाई से तीन किमी लंबे हिस्से में 200 के आसपास नए बिजली के पोल पर 400 से ज्यादा तेज रोशनी वाली आकर्षक एलईडी लाइटिंग से जगमगाहट की जाएगी। जिसको लेकर वर्तमान में पहले चरण में सड़क के लंबे-चौड़े हिस्से में डिवाइडर निर्माण का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है।

सड़क बनने के लंबे समय बाद मिल रही रोशनी की सौगात–

गौरतलब है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब साढ़े ग्यारह करोड़ से ज्यादा की लागत से कनाड़िया रोड़ पर होल्कर प्रतिमा के पीछे से बिचौली बायपास तक लगभग तीन किमी लंबी सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य लगभग ढाई से तीन साल पहले पूरा कर लिया गया था, लेकिन पीडब्ल्यूडी अफसरों की गलती से सड़क प्रोजेक्ट के साथ लाइटिंग और डिवाइडर निर्माण की फाइल नहीं जुड़ने से बाद में अलग से शासन के पास इस्टीमेट तैयार कर बजट मंजूरी के लिए भेजा गया था, जिसके कारण देरी हुई। वहीं अब पिछले दिनों मंजूरी मिलने के बाद विभाग ने तैयारियां कर डिवाइडर निर्माण और लाइटिंग के काम के लिए सम्बन्धित एजेंसी से डिवाइडर बनवाने का काम शुरू भी करवा दिया है। जिसके तहत वर्तमान में आधे से ज्यादा हिस्से में डिवाइडर का काम तेजी के साथ हो रहा है। इसके बाद बेहद जल्द अगले माह डिवाइडर के बीच एलइडी लाइटिंग लगाने के लिए नए बिजली के पोल लगाने का काम भी शुरू होगा। संभवतः नए साल से पहले कनाड़िया रोड़ से बिचौली बाईपास तक का यह हिस्सा भी आकर्षक लाइटिंग से जगमगाता हुआ नजर आएगा।

2.18 करोड़ खर्चकर आदर्श स्कूल से बायपास तक पीडब्ल्यूडी कर रहा डिवाइडर निर्माण



आयुक्त ने जीटीएस एवं एमआरएफ केंद्रों का किया निरीक्षण



एमआरएफ केन्द्र में व्यवस्थाएं ठीक नहीं मिलने पर एजेंसी म्यूज पर लगाई पेनल्टी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन एवं मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सिंघल द्वारा लालबाग स्थित जीटीएस का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जीटीएस परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा परिसर में रखे पुराने वेस्ट को तत्काल हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा संगम नगर स्थित जीटीएस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जीटीएस पर आवश्यक संधारण कार्य एवं कंटेनरों की मरम्मत का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में कर्मचारियों की सुविधा के लिए टॉयलेट निर्माण कराने के भी निर्देशित दिए। सिंघल द्वारा कबीटखेड़ी स्थित जीटीएस का भी निरीक्षण किया गया। यहां उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ ही परिसर में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश संबंधित जीटीएस सुपरवाइजर को दिए। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा कबीटखेड़ी स्थित एमआरएफ केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित एनजीओ एजेंसी म्यूज पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए।

सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी जारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा-2026 की अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की बेवसाइट ै.स्ज्ज्े.स्ज.दन.ग्ह पर अन्तिम उत्तर कुंजी का अवलोकन किया जा सकता है। अब कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं होगा.... इसी अन्तिम उत्तर कुंजी के आधार पर परिणाम घोषित होगा। 107 पदों पर भर्ती हेतु लगभग 18500 से अधिक परीक्षार्थीयों ने परीक्षा दी थी और प्रावधिक उत्तर कुंजी के संदर्भ में अभ्यर्थियों से आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों पर विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा सूक्ष्म जाँच की जाकर अंतिम उत्तर कुंजी जारी की है। इसी के आधार पर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। अभ्यर्थियों से उक्त विषय के प्रश्नपत्र की आपत्तियों के संबंध में किसी भी प्रकार के अभ्यावेदन अब स्वीकार नहीं किए जायेंगे। इस संबंध में कोई पत्राचार भी मान्य नहीं होगा। उक्त परीक्षा की चारों सेट की संयुक्त अंतिम उत्तर कुंजी जारी की गई है।

प्लास्टिक दुकान पर कार्रवाई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्वास्थ्य अधिकारी गौतम भाटिया ने भारत करोसिया, राजेश पथरोड के साथ मल्हारगंज स्थित भारतीय प्लास्टिक दुकान की जांच की, जहां पोलेथीन का विक्रय हो रहा था, 40 किलो पोलेथीन जब्त की गई, 20 हजार की चालानी कार्रवाई की गई।

50 लाख खर्च से शुरू होगा नए गार्डन का विकास

इंदौर। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 51 में स्थित विराटनगर खाली मैदान में अब आने वाले दिनों में बेहद जल्द अगले साल क्षेत्र में एक और नवीन गार्डन का निर्माण और विकास कार्य शुरू होगा, जिसके लिए क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया और वार्ड 51 के पार्षद मलखान कटारिया के लगातार प्रयासों से निगम ने यहां की फाइल मंजूरी के बाद अब जल्द निविदा प्रक्रिया शुरू कर काम भी शुरू करने की तैयारी है, जिसके अंतर्गत निगम द्वारा चौधरी पार्क के पास विराट नगर पुलिया के पास स्थित सालों पुराने खाली मैदान पर लोगों के कब्जे और अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए शासकीय भूमि पर विधायक और पार्षद की मांग पर क्षेत्र के रहवासियों के लिए एक भव्य बगीचे के निर्माण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

बड़ी बात यह है कि वार्ड 51 के अंतर्गत आने वाले विराट नगर क्षेत्र में बनने वाले इस नए बगीचे में क्षेत्र के बच्चों से लेकर बड़ों तक सीनियर सिटीजन और खासकर महिलाओं के मनोरंजन और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए हरियाली, आकर्षक लाइटिंग, शानदार बैठक व्यवस्था और सुबह-शाम योग और जिम के लिए आधुनिक उपकरण भी लगाए जाएंगे। साथ ही बगीचे में सुबह-शाम घूमने के लिए लंबा-चौड़ा वॉकिंग ट्रेक भी बनेगा। क्षेत्र के मध्यम वर्गीय जरूरतमंद परिवार और क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा रहवासी घर के नजदीक वाले नए बगीचे में विधायक व पार्षद द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। साथ ही बच्चों को मनोरंजन के लिए बगीचे में झूले, चकरी से लेकर फिसल पट्टी और अन्य मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहेंगे। पार्षद कटारिया ने बताया क्षेत्र के बुजुर्ग और सीनियर सिटीजनों के लिए बगीचे में छत वाले झूले और स्वस्थ रहने के लिए विधायक हार्डिया के प्रयासों से जिम के उपकरण भी लगाए जाएंगे, जहां क्षेत्र की महिलाएं और युवाओं से लेकर सीनियर सिटीजन भी स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम कर सकेंगे।

संपादकीय

यमुना की सफाई पर हजारों करोड़ खर्च, फिर भी नहीं घटा प्रदूषण

सुप्रीम कोर्ट ने नदी में गिरने वाले 520 नालों और सफाई के सरकारी प्रयासों पर सवाल उठाए हैं। यमुना नदी में प्रदूषण और कचरे का अंबार, सफाई पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद नहीं सुधरी हालत। यमुना नदी के प्रदूषित होने का सवाल पिछले कई दशक से लगातार न केवल पर्यावरण संबंधी सार्वजनिक बहसों के केंद्र में रहा है, बल्कि हर चुनाव में यह अलग-अलग राजनीतिक दलों के लिए एक सुविधा का मुद्दा रहता है। इस नदी की सफाई के लिए अब तक सरकारों ने हजारों करोड़ रुपए बहा दिए, लेकिन आज भी यह इस हालत में है कि इसका पानी नहाने तक के लिए सुरक्षित नहीं माना जाता है। सवाल है कि यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए अगर सरकारों ने जरूरी धन मुहैया कराया और वह राशि वास्तव में इसी काम में खर्च हुई, तो अब भी यमुना को सबसे प्रदूषित नदियों में से एक क्यों माना जाता है। सच यह है कि इस मसले पर सरकारों की इच्छाशक्ति कठघरे में रही है। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर गहरी नाराजगी जताई है। अदालत ने बेहद तल्ख लहजे में कहा है कि यमुना की सफाई पर भारी-भरकम राशि खर्च किए जाने के बावजूद इसमें प्रदूषण का स्तर पहले के मुकाबले और बढ़ा ही है। आखिर यमुना की सफाई और इस पर खर्च की गई हजारों करोड़ की राशि कहां गई? दरअसल, यमुना अगर आज भी बेहद प्रदूषित है और उसका पानी आम उपयोग के लायक नहीं रह गया है, तो इसकी वजहें सरकारों की अनदेखी में छिपी हैं। शीर्ष अदालत ने इसका भी उल्लेख किया कि गंदा पानी ले जाने वाले पांच सौ बीस नाले यमुना नदी में जाकर मिलते हैं। अदालत ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया कि प्रत्येक राज्य, केंद्रशासित प्रदेश और जिले में यमुना और प्रमुख नालों के प्रवेश और निकास की जगहों पर पानी की गुणवत्ता की निगरानी की जाए। जिन महकमों की सामान्य जिम्मेदारी है कि वे यमुना में गंदगी ले जाने वाले मुहानों पर नजर रखें, तो उन्होंने अब तक क्या किया है? ऐसा लगता है कि इस नदी की सफाई की चिंता किसी भी राजनीतिक पार्टी को तभी तक होती है, जब तक उसकी भूमिका विपक्ष में होने तक सीमित रहती है। मगर जैसे ही उन्हें सत्ता में पहुंचने का मौका मिलता है, तो यमुना के प्रदूषण को खत्म करने को लेकर उनका रवैया भी अनदेखी और उदासीनता का शिकार हो जाता है।

बुजुर्ग दंपती के साथ बेटे और महिला मित्र ने की प्रताड़ना

भोजन नहीं देने, मारपीट और जान से मारने की धमकी पर केस दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र से कलयुगी बेटे की अमानवीय करतूत का मामला सामने आया है। यहां एक 70 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक दंपती को उनके ही बेटे और उसकी महिला मित्र द्वारा मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने, खाना-खर्चा न देने और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, यह मामला फरियादिया मीरा वर्मा पति अजयकृष्णा वर्मा (70) निवासी प्रगति नगर की रिपोर्ट पर दर्ज किया गया है। पीड़िता मीरा वर्मा ने पुलिस को बताया कि वे और उनके पति अजयकृष्णा वर्मा दोनों वरिष्ठ नागरिक हैं और उनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है। उनके घर में रह रहे उनके बेटे सुमित वर्मा और उसकी साथी ज्योति परमार द्वारा उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। दोनों आरोपी बुजुर्ग माता-पिता के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं और उन्हें दैनिक खर्च तथा समय पर भोजन तक नहीं देते हैं। फरियादिया ने शिकायत में उल्लेख किया कि आरोपी सुमित और ज्योति परमार बात-बात पर विवाद कर गालियां देते हैं तथा विरोध करने पर उनके साथ शारीरिक मारपीट कर मानसिक रूप से परेशान करते हैं। इतना ही नहीं, दोनों आरोपियों ने बुजुर्ग दंपती को घर में ही जान से खत्म करने की धमकी भी दी है।

गुटखा लेने गए युवक पर चाकू से हमला

मामूली बात पर पेट में किया वार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पंढरीनाथ थाना क्षेत्र के मच्छीबाजार चौराहे पर एक मामूली बात को लेकर खूनी संघर्ष सामने आया है। गुटखा पाउच खरीदने गए एक युवक पर एक आरोपी ने अचानक चाकू से हमला कर दिया। पेट में चाकू लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पंढरीनाथ पुलिस के अनुसार, यह घटना मच्छीबाजार चौराहे स्थित एक दुकान के पास हुई। मामला फरियादी मोहम्मद सलमान पिता हमीद, निवासी गीता नगर, चंदन नगर की रिपोर्ट पर दर्ज किया गया है। फरियादी मोहम्मद सलमान ने पुलिस को बताया कि वह मच्छीबाजार चौराहे पर अनिल की दुकान पर गुटखा पाउच खरीदने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान वहां आरोपी हाफिज आ धमका। सलमान के अनुसार, हाफिज ने बिना वजह गालियां देना शुरू कर दिया।जब सलमान ने हाफिज को गालियां देने से रोका, तो आरोपी आगबबूला हो गया। उसने गुस्से में आकर अपनी जेब से कोई नुकीली चाकू जैसी चीज निकाली और सीधा सलमान के बाईं तरफ पेट में घोंप दी। इस अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पेट में चाकू लगने से सलमान लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा और उसके शरीर से खून बहने लगा।

फर्जी सिम वाले 7 कीपैड मोबाइल के साथ ठग गिरफ्तार

ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर करता था जालसाजी

इंदौर। लसूड़िया पुलिस ने देवास नाका से निरंजनपुर के बीच घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को दबोचा है, जिसके कब्जे से अलग-अलग सिम कार्ड लगे 7 कीपैड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। आरोपी अपनी पहचान छुपाकर लोगों को ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट का लालच देकर ठगी की वारदातों को अंजाम देता था।

लसूड़िया पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने देवास नाका से निरंजनपुर मार्ग पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध को रोककर उसकी तलाशी ली। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अनुरुद्ध कुमार पिता शिशुपाल सिंह चौहान, निवासी सनसिटी, सिंगापुर टाउनशिप बताया। पुलिस ने जब आरोपी की तलाशी ली, तो उसके पास से चालू हालत में 07 कीपैड मोबाइल फोन मय एक्टिवेटेड सिम कार्ड बरामद हुए। जब पुलिस ने जब्तशुदा सिम काड्र्स के स्वामित्व, आईडी और आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में सख्ती से पूछताछ की, तो आरोपी अनुरुद्ध ने कबूल किया कि ये सिम उसके नाम या पते पर पंजीकृत नहीं हैं और न ही उसे यह जानकारी है कि ये किसके नाम पर जारी की गई हैं। उसने बताया कि वह अपनी असली पहचान छुपाने के लिए इन फर्जी सिम कार्डों का उपयोग टेली-कॉलिंग करने, लोगों को ज्यादा मुनाफे वाले ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट का झांसा देने और उनके साथ धोखाधड़ी करने में करता था। लसूड़िया थाना पुलिस ने आरोपी अनुरुद्ध कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज/आईडी के दुरुपयोग और साइबर अपराध से जुड़ी संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी ने ये फर्जी सिम कहां से और किससे प्राप्त की थीं तथा अब तक वह किन-किन लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना चुका है।

निवेश के नाम पर महिला से 5 लाख रुपए की ठगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संयोगितागंज थाना क्षेत्र में एक शातिर ठग ने महिला को मोटा रिटर्न देने का झांसा देकर 5 लाख रुपए का निवेश करा लिया। समय बीत जाने के बाद आरोपी न तो मुनाफा दे रहा है और न ही मूल रकम लौटा रहा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संयोगितागंज पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई फरियादिया दुर्गा भागवत निवासी रेडियो कॉलोनी की रिपोर्ट पर की गई है।फरियादिया दुर्गा भागवत ने पुलिस को बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि प्रांजल शर्मा निवासी ऋषि विहार, थाना तिलक नगर लोगों से पैसे लेकर अलग-अलग जगह निवेश करवाता है और उस पर अच्छा मुनाफा दिलवाता है। प्रांजल की बातों और उसकी योजनाओं पर भरोसा करते हुए महिला ने अपने माता-पिता से मिले लगभग 5 लाख रुपए उसे निवेश करने के लिए दे दिए।पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विश्वास में आकर उन्होंने अपनी मेहनत और परिजनों की जमा पूंजी आरोपी के पास जमा तो कर दी, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी आरोपी प्रांजल शर्मा द्वारा न तो कोई रिटर्न दिया गया और न ही वह रकम वापस करने के अपने वादे को पूरा कर रहा है। जब भी महिला अपनी मूल राशि वापस मांगती है, आरोपी हीला-हवाली कर टालमटोल करने लगता है। संयोगितागंज थाना पुलिस ने पीड़िता दुर्गा भागवत की शिकायत पर आरोपी प्रांजल शर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

मुनाफा और मूल रकम हड़पने वाले जालसाज पर पुलिस प्रकरण

मकानों के ताले तोड़कर जेवर और नकदी उड़ाए

इंदौर। लसूड़िया और कनाड़िया थाना क्षेत्रों में चोरों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस की गश्त को ठेंगा दिखाते हुए अज्ञात बदमाशों ने दो अलग-अलग इलाकों में सूने मकानों को निशाना बनाया और घर का पूरा कीमती सामान, सोने-चांदी के जेवरात व नकदी समेटकर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।ष्लसूड़िया थाना क्षेत्र में फरियादी अगुसईया पति भगवान सिंह चौहान निवासी काउंटी पार्क, महालक्ष्मी नगर के घर चोरी की वारदात हुई। 15 नवंबर की दोपहर करीब 12 बजे फरियादिया अपने घर से काम के सिलसिले में बाहर गई थीं। जब वह दोपहर लगभग 3 बजे वापस लौटीं, तो घर का सामान बिखरा हुआ था। अज्ञात बदमाश सूने मकान का फायदा उठाकर घर में घुसे और सोने के झुमके, मंगलसूत्र, नाक की नथनी, तीन जोड़ी चांदी की पायल और घर में रखी नकदी चुरा ले गए। कनाड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम हिंगोनिया निवासी फरियादी जितेन्द्र सिंह सिसोदिया के सूने घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। बदमाश मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे और घर में रखे सोने का हार, सोने की चेन, चांदी की पायल और कान की सोने की झुमकी सहित अन्य कीमती सामान चुराकर ले गए।

वेतन के विवाद में युवक का अपहरण

कार में मारपीट, जातिसूचक गालियां भी दीं, 2 आरोपियों पर केस दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विजय नगर थाना क्षेत्र में एक युवक को जबरन कार में बैठाकर ले जाने, उसके साथ मारपीट करने और जातिसूचक गालियां देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। विजय नगर पुलिस के अनुसार, यह घटना फरियादी ठाकुरदास पिता रघुवरदयाल अहिरवार, निवासी सिंगापुर ग्रीन व्यू, इंदौर की रिपोर्ट पर दर्ज की गई है। पीड़ित ठाकुरदास ने पुलिस को बताया कि वह अपनी महिला मित्र कंचन झारिया के साथ अपना स्वीट्स विजय नगर पर बैठा हुआ था। इसी दौरान पूर्व से परिचित सौरभ सिंह और अतुल अपनी टाटा कार से वहां पहुंचे और उसे जबरन अपने साथ कार में बैठने के लिए कहा। पहचान होने के कारण वह उनके साथ गाड़ी में बैठ गया। गाड़ी में बैठने के बाद आरोपी उससे सैलरी दिलवाने के संबंध में चर्चा करने लगे। जब ठाकुरदास ने स्पष्ट किया कि उसका सैलरी से कोई लेना-देना नहीं है, तो आरोपी भड़क गए। उन्होंने उसे गाड़ी में जबरन रोककर रखा और सयाजी होटल के सामने ले गए। वहां दोनों ने उसके साथ हाथ-थप्पड़ों से जमकर मारपीट की, अपमानित करने के लिए जातिसूचक गालियां दीं और भविष्य में जान से खत्म करने की धमकी दी।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
133500	131400
सिल्वर कैश	**एमसीएक्स**
167800	164100

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

कृष्णबाग कालोनी के कई रजिस्ट्री वाले बोले हमारा कसूर क्या



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कृष्णबाग कालोनी में 80 परिवारों के सामने बेघर होने का संकट गहराया हुआ है। इन 80 मकानों क़ो प्रशासन ने तोड़ने का नोटिस जारी किया है। नोटिस मिलने के बाद कल कई मकान वाले एकत्रित हुए और उन्होंने कहा कि हमारी तो रजिस्ट्री है हमें मकान तोड़ने का नोटिस क्यों मिला है उन्होंने लाखों रुपये खर्च प्लाट खरीदा रजिस्ट्री करवाई, मकान बनवाए अब तोड़ा क्यों जा रहा है।

कम ब्याज पर लोन दिलाने के नाम पर हुई ऑनलाइन ठगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। क्राइम ब्रांच की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते एक गृहिणी के साथ हुई 33,082 रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी की पूरी राशि सफलतापूर्वक वापस मिल गई है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर महाराष्ट्र के संदिग्ध बैंक खातों में राशि फ्रीज करवाकर न्यायालय के आदेश से रकम रिफंड कराई। बताते हैं कि अज्ञात साइबर ठगों ने एक स्थानीय गृहिणी को कम ब्याज दर पर तत्काल लोन उपलब्ध कराने का लालच दिया था। झांसे में आकर पीड़िता ने प्रक्रिया पूरी की, जिसके बाद शातिर ठगों ने उनके बैंक खाते से 33,082 रुपए की ऑनलाइन चपत लगा दी। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन और एनसीआरपी पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर इंदौर क्राइम ब्रांच की साइबर फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम ने तुरंत एक्शन लिया। पुलिस टीम ने मनी ट्रेल की तकनीकी बारीकी से जांच करते हुए महाराष्ट्र स्थित उन संदिग्ध बैंक खातों की पहचान की, जिनमें ठगी की रकम ट्रांसफर हुई थी। क्राइम ब्रांच ने समय रहते उन खातों की राशि को फ्रीज करवाया और वैधानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए माननीय न्यायालय के आदेश से पूरी 33,082 रुपए की राशि सुरक्षित रूप से पीड़िता के खाते में वापस करवा दी।



पुलिस कमिश्नर ने दिए नवआरक्षक को प्रमाण पत्र

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को आर्थिक एवं सामाजिक संबल प्रदान करने तथा उनके परिवारों को सहारा देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में निर्धारित प्रक्रिया, मेडिकल परीक्षण एवं आवश्यक सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत अनुकंपा नियुक्ति के तहत दिवंगत प्रधान आरक्षक के आश्रित पुत्र को आरक्षक के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। अनुकंपा नियुक्ति के अंतर्गत स्वर्गीय महेशचंद्र धाकड़, जो इंदौर नगरीय पुलिस में प्रधान आरक्षक 430 के पद पर पदस्थ रहते हुए सेवाकाल के दौरान दिवंगत हो गए थे, उनके सुपुत्र आकाश धाकड़ निवासी झूमरघाट पुलिस लाइन पिगडंबर राऊ इंदौर को आरक्षक के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर इंदौर संतोष कुमार सिंह ने नव नियुक्त पुलिस कर्मी को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए।

हिन्दू महासभा ने दिया खजराना में मृत्यु पर ज्ञापन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अखित भारत हिन्दू महासभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया जिसमें बताया कि 14 नवम्बर खजराना मैदान में बारात में नोट उड़ाए जाने के मामले में आशिक नामक युवक की मौत हो गई थी। इस मामले में कई तरह की बातें भी सामने आई थी। यह भी कहा कि इस मामले में लापरवाही बरतने वाली खजराना पुलिस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। महासभा के पदाधिकारियों का कहना है कि उन्हें जानकारी मिली है कि बारात के दौरान मारपीट से आसिफ की मौत हुई थी बाद में हार्ट पेशेंट बताया गया जब आसिफ के परिजन पहुंचे तो उन्हें मारपीट की घटना नहीं बताई गई उन्हें भी साइलेंट अटैक से मौत बताई गई। हिन्दू महासभा पदाधिकारियों ने जिक्र किया कि पूरी बारात के सामने सार्वजनिक रूप से आसिफ से मारपीट हुई थी। कुछ लोगों ने घटना के कुछ देर बाद खजराना टी.आई. को इसकी सूचना दी। टी.आई. ने थाने के जवान पंकज सांवरिया को हमसे बात करने के लिए कहा। पंकज सांवरिया ने हमसे बात की हमने पूरी जानकारी पंकज सांवरिया को दे दी, फिर भी सही कार्रवाई नहीं हुई। हिन्दू महासभा पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पूरी जानकारी खजराना पुलिस को दी गई और यह भी कहा कि वीडियो फुटेज तत्काल लिए जाएं लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उक्त पूर्ण जानकारी अखिल भारत युवा हिंदू महासभा पदाधिकारी अध्यक्ष ने दी।



नगर पालिका की बकायादारों के घर-घर दस्तक

12 दिसंबर की नेशनल लोक अदालत के लिए तैयारियां शुरू

खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर पालिका अधिकारी कमला कौल ने बताया कि 12 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ बकाया उपभोक्ता ले सकते हैं, जिसकी जानकारी नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी घर-घर पहुंचकर दे रहे हैं। इस मामले में समीक्षा बैठक भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से की गई। संपत्तिकर, जलकर एवं लीज की वसूली को लेकर विशेष शिविर आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। इस मामले में बकायादारों को बिल, मांग पत्र और अंतिम सूचना पत्र भी जारी कर दिए गए हैं। राजस्व अधिकारी महेश वर्मा ने बताया कि वसूलीकर्ता बकायादारों से डोर-टू-डोर वसूली क़े लिए सतत संपर्क कर रहे हैं। साथ ही आगामी लोक अदालत की सूचना पत्र तैयार करने की कार्यवाही भी जारी है।

नगर पालिक निगम, इन्दौर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (जलप्रदाय), नर्मदा परियोजना मूसाखेड़ी, इन्दौर
E-mail: ee2_narmada@rediffmail.com, Ph.: 0731-2712846

निविदा सूचना क्रमांक: 20/एस.ए.सी./लेखा/का.य./जलप्रदाय/2026-27 **ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना** इन्दौर, दिनांक: 16.11.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD
01 प्रथम आमंत्रण	2026_UAD_549705_1	इन्दौर शहर की जलप्रदाय व्यवस्था अंतर्गत विभिन्न वार्डों में नलकूप/हाईड्रेंटो पर क्लोरिनेशन सिस्टम लगाये जाने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्यूल अनुसार)	1) 04 माह 2)₹78,72,000/-	1) ₹78,720/- 2) ₹10,000/-

1.	निविदा प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की अंतिम दिनांक	:	16.12.2026, 18:00 बजे तक
2.	निविदा ऑनलाइन खोलने की दिनांक (ENVELOPE A/B)	:	18.12.2026

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (जलप्रदाय) नगर पालिक निगम, इन्दौर

जनसुनवाई में आए 42 आवेदन पर निराकरण के निर्देश



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कल मंगलवार को निगम की जनसुनवाई में आयुक्त क्षितिज सिंघल के पास कक्ष में 42 आवेदन आवेदकों ने दिए। आयुक्त ने एक-एक आवेदक से चर्चा कर उनकी बात सुनी। निगम अधिकारी अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री एवं संबंधित विभाग प्रमुखों को तत्काल प्रेषित कर समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

जल संरक्षण में 45 हजार से अधिक विद्यार्थियों को किया जागरूक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नगर निगम द्वारा शहर में जल संरक्षण एवं बेहतर जल प्रबंधन को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान क़े अन्तर्गत 15 दिनों में शहर के लगभग 150 शासकीय



एवं निजी विद्यालयों में जल सभाएं आयोजित हुई। इनमें 45 हजार से अधिक विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। अब यह विद्यार्थी जल संरक्षण के संदेशवाहक के रूप में घर-घर जागरूकता का संदेश पहुंचा रहे है। स्कूलों की जल सभाओं में विद्यार्थियो ने रुचि भी ली।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग, (ओल्ड पलासिया) इंदौर
E-mail ID:- eepwdelecind@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्रं.62/व.ले.लि./वि.यां/26–27 इंदौर दिनांक 16.11.26

:: निविदा विज्ञप्ति ::

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु प्रपत्र 2.10 पर निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं पंजीकृत डाक (ए.डी.)/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विभाग पोस्टल विलंब के लिये जिम्मेदार नहीं होगा।

क्रं.	कार्य का नाम व स्थान	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेके की अनुमानित राशि	अमानत राशि	कोरे निविदा प्रपत्र विकय का दिनांक एवं समय	1. निविदा प्राप्ति का दिनांक, समय एंव कार्यालय	1.निविदा खोलने का दिनांक, समय एंव कार्यालय	1.कार्य पूर्ण करने की अवधि 2.ठेकेदार की श्रेणी 3.आमंत्रण क्रं.
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	सांसद निधि के अंतर्गत 2 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.7,65,108/-	रू.15,310/-	25.11.26 5.30बजे	1)01.12.26 5.30 बजे 2) लो.नि.वि. वि./यां. सं. इंदौर	1)02.12.26 प्रातः11:00 बजे 2) लो.नि.वि. वि./यां.सं. इंदौर	1) 60 दिन 2) लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार धारी 3) प्रथम आमंत्रण
2	सांसद निधि के अंतर्गत 2 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.7,65,108/-	रू.15,310/	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
3	सांसद निधि के अंतर्गत 2 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.7,65,108/-	रू.15,310/-	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
4	सांसद निधि के अंतर्गत 2 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.7,65,108/-	रू.15,310/-	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
5	सांसद निधि के अंतर्गत 2 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.7,65,108/-	रू.15,310/-	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
6	सांसद निधि के अंतर्गत 1 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.3,82,554/-	रू.7,700/-	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
7	विधानसभा क्षेत्र क. 3 के अंतर्गत 2 स्थानों पर स्ट्रीट लाईट (हाइमास्क) स्थापना का कार्य।	2000/-	रू.9,97,278/-	रू.20,000/	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
8	विधानसभा क्षेत्र क. 3 के अंतर्गत 1 स्थान पर स्ट्रीट लाईट (हाइमास्क) स्थापना का कार्य।	2000/-	रू.6,43,994/-	रू.13,000/	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
9	विधानसभा क्षेत्र क. 2 के अंतर्गत 2 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.6,25,147/-	रू.12,600/-	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
	कुल राशि रू.		रू.64,74,513/-					

टीप:– 01 निविदा सूचना की विस्तृत शर्ते कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. वि/यां संभाग, इंदौर

G-21612/26

जीत के बाद भी गिर गई भारतीय फुटबॉल टीम की रैंकिंग

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम ने सैफ चैंपियनशिप 2026 का खिताब जीतकर पाकिस्तान पर अपना दबदबा कायम रखा है। इसके बावजूद फीफा की ताजा रैंकिंग में टीम को नुकसान उठाना पड़ा है। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम दो स्थान फिसलकर 140वें पायदान पर पहुंच गई है। इसकी सबसे बड़ी वजह न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली लगातार दो बड़ी हार रहीं। भारतीय टीम ने सैफ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। टीम ने पाकिस्तान को 3-2, मालदीव को 1-0 और भूटान को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसके बाद फाइनल में भी 2-1 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। हालांकि, इस टूर्नामेंट में मिली जीत का भारतीय टीम की फीफा रैंकिंग पर कोई असर नहीं पड़ा। इसकी वजह यह रही कि सैफ चैंपियनशिप के मुकाबलों को इस रैंकिंग कैलकुलेशन में शामिल नहीं किया गया। नवंबर में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मुकाबले खेले।

इन दोनों मैचों को फीफा रैंकिंग के लिए आधिकारिक इंटरनेशनल फ्रेंडली मुकाबलों के तौर पर गिना गया। पहले मुकाबले में भारतीय टीम को ऑकलैंड में 0-5 से करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद क्राइस्टचर्च में खेले



गए दूसरे मुकाबले में भी न्यूजीलैंड ने भारत को 3-0 से शिकस्त दी। इन दोनों हार के कारण भारत को कुल 6.44 रैंकिंग अंक गंवाने पड़े। यही वजह रही कि सैफ चैंपियनशिप जीतने के बावजूद भारतीय टीम की रैंकिंग कम हो गई।

2023 में टॉप-100 में पहुंचा था भारत– भारतीय फुटबॉल टीम की रैंकिंग में पिछले कुछ साल में लगातार गिरावट देखने को मिली है। साल 2023 में टीम ने शानदार प्रदर्शन के दम पर फीफा रैंकिंग में टॉप-100 में जगह बनाई थी। उस समय भारतीय टीम 99वें स्थान तक पहुंच गई थी। हालांकि, इसके बाद टीम का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। विश्व कप 2026 क्वालिफिकेशन की दौड़ से बाहर होने और एशियाई टीमों के खिलाफ मुकाबलों में जीत की कमी के कारण टीम इंडिया अब 140वें स्थान पर पहुंच गई है। अपनी रैंकिंग बेहतर करने के लिए टीम इंडिया को बड़ी टीमों के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

पिछले चार मुकाबलों में गंवाए 8.13 अंक

भारतीय टीम को अक्टूबर में भी ब्राजील और उरुग्वे के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इन नतीजों के कारण भी टीम के रैंकिंग अंकों में कमी आई। पिछले 4 मुकाबलों में टीम इंडिया 8.13 अकं गंवा चुकी है। इसी वजह से फीफा रैंकिंग में भी नीचे फिसल गई है।

पिछले पांच मुकाबलों का भारत की रैंकिंग पर असर

पनामा के खिलाफ जीतः 3.19 अंक का फायदा
ब्राजील के खिलाफ हारः 0.60 अंक का नुकसान
उरुग्वे के खिलाफ हारः 1.09 अंक का नुकसान–
न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली हारः 3.25 अंक का नुकसान
न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरी हारः 3.19 अंक का नुकसान



कुश्ती के दांव-पेच में दिखा खिलाड़ियों का दमखम

इंदौर। आर.पी.एल. महेश्वरी महाविद्यालय द्वारा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सत्र 2026-27 की संभाग स्तरीय महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन आरपीएल महेश्वरी महाविद्यालय परिसर स्थित बनवारी लाल जाजू सभागृह में किया गया । प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा,शारीरिक दक्षता एवं खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत खिलाड़ियों का पंजीयन एवं वजन मापन, मुकाबलों की जोड़ियों का निर्धारण तथा कुश्ती स्पर्धाओं का आयोजन विश्वविद्यालय कुश्ती स्पर्धा के संगठन सचिव डॉ.धर्मेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि कृपाशंकर पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कुश्ती भारत की प्राचीन खेल परंपरा का गौरवशाली हिस्सा है। ऐसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्षशीलता की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से विश्वविद्यालय चयन समिति के अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, विजय सिंह वरकिया वेद प्रकाश उपस्थित रहें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जयकिशन साहू ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

बाबर आजम फिर उड़वा बैठे अपनी गिल्लियां

नई दिल्ली। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम का खराब फॉर्म एक बार फिर टीम के लिए चिंता का सबब बन गया। पहली पारी में मेजबान टीम को बड़े स्कोर की तरफ ले जाने की जिम्मेदारी संभालने उतरे बाबर महज 8 रन बनाकर श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। अपनी नौ गेंदों की संक्षिप्त पारी में बाबर सिर्फ दो चौके ही लगा सके लेकिन गेंद की लाइन को समझने में हुई एक बड़ी चूक ने उनकी पारी का जल्दी अंत कर दिया।

यह घटना पाकिस्तान की पहली पारी के उस अहम मोड़ पर घटी जब टीम श्रीलंका को सस्ते में समेटने के बाद एक विशाल बढ़त बनाने की कोशिश कर रही थी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने ऑफ स्टंप के आसपास एक बेहद तीखी और अंदर आती हुई गेंद डाली जिसे बाबर आजम ने खेलने के बजाय छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, गेंद ने टप्पा खाने के बाद तेजी से अंदर की तरफ कांटा बदला और उनके बल्ले के करीब से निकलते हुए सीधे ऑफ स्टंप के ऊपरी हिस्से से जा टकराई। बाबर का इस तरह बोल्ड होना मेहमान टीम के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं था क्योंकि इससे पहले मोहम्मद ताहा (8 रन) को प्रभात जयसूर्या ने आउट किया था और 118 के स्कोर पर कप्तान का विकेट गिरने से श्रीलंका को मैच में वापसी करने का सुनहरा मौका मिल गया।

इससे पहले, टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का पाकिस्तान का फैसला पूरी तरह सही साबित हुआ और उसके तेज गेंदबाजों ने श्रीलंकाई बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी। मेहमान टीम की पहली पारी महज 35.3 ओवर में 98 रनों के मामूली स्कोर पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद अब्बास, रजाउल्लाह और आमिर जमाल की तिकड़ी ने कहर बरपाते हुए तीन-तीन विकेट अपने नाम किए और टीम को ड्राइविंग सीट पर ला खड़ा किया।

पंकज आडवाणी, मनन चंद्रा और अनुपमा रामचंद्रन ने दर्ज की शानदार जीत

इंदौर । भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर इंदौर के यशवंत क्लब में आयोजित आईबीएसएफ वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल से विश्व पटल पर देश का मान बढ़ाया है। टूर्नामेंट के पहले दिन दुनिया भर के दिग्गज क्यू स्पोर्ट्स खिलाड़ियों ने अपनी सटीक शॉट कला और कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।





पुरुष वर्ग में भारतीय दिग्गजों का दबदबा-अर्जुन पुरस्कार, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित 29 बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने ग्रुप एल के अपने मुकाबले में फिलीपींस के माइकल मेंगोरियो को 4-1 से पराजित किया। पंकज ने शुरुआती दो फ्रेम मात्र 30 मिनट में अपने नाम कर लिए थे। भारत के दिग्गज खिलाड़ी मनन चंद्रा (ग्रुप ई) ने हांगकांग चाइना के लांगी रयान ली को 4-2 से हराया। वहीं, ग्रुप-बी में 26 वर्षीय श्रीकृष्ण सूर्यनारायण ने कुवैत के अब्दुल्ला अल युसुफ को 4-0 से करारी शिकस्त दी। स्थानीय खिलाड़ी हुसैन खान (ग्रुप एफ) ने सिंगापुर के सनी वांग को 4-1 से मात दी। कमल चावला ने भी सधे हुए खेल का प्रदर्शन करते हुए जर्मनी के क्रिश्चियन रिक्टर को 4-1 से हराया। हालांकि, स्थानीय खिलाड़ी केतन चावला को ग्रुप सी में हांगकांग चाइना के वांग यूचेन के खिलाफ 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। **महिला वर्गः** गत चैंपियन अनुपमा और अमी कमानी विजयी महिला वर्ग के ग्रुप ए में गत चैंपियन भारत की अनुपमा रामचंद्रन ने फ्रांस की ओफ़ेली लावल को 2-0 से आसानी से पराजित किया।

माही लाठी कुश्ती प्रतियोगिात में कप्तान



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की छात्रा माही लाठी को अपने वजन में प्रथम स्थान प्राप्त करने एवं पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ द्वारा कराए जाने वाली अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता का कप्तान चयन किया गया। लाठी का सम्मान कर्मचारी नेता महेश गौहर, कांग्रेस नेता हिमांशु यादव, कामगार संघ के सूरज गौहर, श्याम अजय पाल, रानू सेन,पहलवान कालीचरण यादव, नितेश टाक,वरदान सिरसवाल एवं प्रथम पाल, लोकेश महेश्वरी ने किया।

ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग केंद्र की बालिकाओं ने 8 पदक जीते

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा महेश्वरी कॉलेज में आयोजित विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग की बालिकाओं ने प्रदर्शन करते हुए 6 बालिकाओं ने प्रथम, 2 दो बालिका ने द्वितीय स्थान, 1 एक बालिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान में कल्याणी कोगे 50 किलोग्राम वजन में, भूमिका कुशवाहा 53 किलोग्राम वजन में, माही राठी 68 किलोग्राम वजन में, रेनी भाटिया 72 किलोग्राम वजन में, संजना राठौर 76 किलोग्राम वजन में, द्वितीय स्थान में तनु राठौर 50 किलोग्राम वजन में, दुर्गा खंटवाल 57 किलोग्राम वजन में, सिमरन परमार 50 किलोग्राम वजन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह छात्राएं अलग-अलग कॉलेजों में अध्ययनरत है। उक्त जानकारी रमेश मिस्त्री पहलवान, विकास पाण्डे ने दी।



इंदौर जिला सीनियर कुश्ती टीम का चयन 22 को

इंदौर। इंदौर जिला सीनियर कुश्ती टीम का चयन 22 नवंबर को विजयबहादुर आखाड़े में होगा। इंदौर विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि इंदौर जिले टीम चयन विजयबहादुर आखडे पर ओलम्पियन पप्पू यादव की देखरेख में सम्पन्न होगा। इसमे कोई पहलवान जिला का भाग ले सकता हैं,साथ ही अपने ओरिजनल दस्तावेज भी साथ लावे व जूनियर भी भाग ले सकते हैं अभिभावकों की अनुमति से, इसके विजेता राज्य सीनीयर कुश्ती में भाग लेंगे । भाग लेने वाले गोविन्द गुज्जर, विकास यादव, आईएनएस कोच केजेश यादव से संपर्क कर सकते हैं।

राइजिंग एशिया कप का आगाज कल से भारत का पहला मुकाबला नेपाल से

नई दिल्ली। क्रिकेट फैंस के लिए एक और बड़े ब्लॉकबस्टर मुकाबले की तैयारी पूरी हो चुकी है। कुछ ही दिन पहले भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाकर अंडर-19 एशिया कप 2026 का खिताब अपने नाम किया था और अब एक बार फिर दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें आमने-सामने होने जा रही हैं। इस बार मंच होगा एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026, जहां रविवार, 22 नवंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला खेला जाएगा।



एशियन क्रिकेट काउंसिल द्वारा आयोजित किए जा रहे एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 की शुरुआत 19 नवंबर, गुरुवार से हो रही है। टूर्नामेंट के पहले दिन बांग्लादेश का सामना हांगकांग से होगा, जबकि दूसरे मैच में श्रीलंका और अफगानिस्तान की टीमें भिड़ेंगी। इस टूर्नामेंट की खास बात यह है कि जहां कुछ देश अपनी मुख्य टीम के साथ उतर रहे हैं, वहीं भारत और पाकिस्तान अपनी ए टीमों के साथ मैदान में दमखम दिखाएंगे। तिलक वर्मा की कप्तानी और रिंकू सिंह की उप-कप्तानी में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 20 नवंबर, शुक्रवार को नेपाल के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले से करेगी। इसी दिन पाकिस्तान की टीम यूएई के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। भारतीय स्क्वाड ने दोहा पहुंचकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।



कई चार्टर्ड बसें जलकर खाक

कचरे की आग से बस डिपो में भीषण अग्निकांड



आसमान में धुएं का घना गुबार उठता देख डिपो के कर्मचारियों और स्थानीय रहवासियों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल की कई गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए करीब 4 घंटे तक लगातार पानी की बौछारें कीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग को आसपास की अन्य बसों तक फैलने से रोक लिया।



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

एग्रीकल्चर कॉलेज के सामने बने चार्टर्ड बस डिपो में देर रात भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में डिपो में खड़ी चार से पांच चार्टर्ड बसें जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। अचानक लगी इस आग से परिसर और आसपास के इलाके में भारी अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

शुरूआती जांच और पड़ताल में सामने आया है कि डिपो परिसर के पास पड़े कचरे के ढेर में अचानक आग भड़क उठी थी। रात के वक्त चल रही तेज हवाओं के कारण आग की लपटें तेजी से फैलीं और पास ही खड़ी बसों तक जा पहुंचीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और चार-पांच लग्जरी चार्टर्ड बसें इसकी चपेट में आ गईं। घटना के वक्त डिपो परिसर में चार्टर्ड बसों के अलावा कई अन्य बसें और आई-बसें भी पार्क की गई थीं। आग के विकराल रूप को देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया कि कहीं लपटें अन्य वाहनों तक न पहुंच जाएं।

लापता बेटी को ढूंढने गए पिता की बेरहमी से हत्या

लोहे की रॉड और चेन से पीटकर उतारा मौत के घाट, आक्रोशित रहवासियों ने देर रात घेरा थाना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मानपुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां लापता बेटी की ढूंढने गए पिता को आरोपियों ने लोहे की रॉड और बाइक की चेन से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। इस सनसनीखेज वारदात के बाद गुस्साए रहवासियों ने देर रात थाना का घेराव कर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी सहित परिवार के पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

मानपुर पुलिस के अनुसार, यह वारदात ग्राम बिचौली में हुई। मृतक की पहचान महेश पिता घनश्याम निवासी ग्राम बिचौली के रूप में हुई है, जो एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। उनकी बेटी खेतिहर मजदूरी का काम करती थी। शिकायतकर्ता चुबीबाई भूरिया ने पुलिस को बताया कि उनके भतीजे महेश की बेटी, आरोपी जादूसिंह की पत्नी कविता के साथ मजदूरी पर जाती थी। घटना वाले दिन जब बेटी घर पर नहीं मिली, तो चिंतित पिता महेश उसकी तलाश करते हुए आरोपी जादूसिंह के घर पहुंचे। वहां बेटी के संबंध में बात करने को लेकर आरोपी पक्ष से उनका विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने महेश के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर उन्हें दीवार की तरफ धक्का देकर दबा लिया। इसी बीच आरोपी जादूसिंह, उसकी पत्नी कविता और उनके अन्य परिजन भी वहां आ गए और हिंसक हो उठे। आरोप है कि आरोपियों ने क्रूरता की हदें पार करते हुए महेश पर लोहे की रॉड और मोटरसाइकिल की चेन से हमला कर दिया। इस गंभीर मारपीट में बुरी तरह लहूलुहान महेश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इधर, इस जघन्य हत्याकांड से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण भारी संख्या में मानपुर थाने पहुंच गए और थाने का घेराव कर दिया। परिजन और ग्रामीण आरोपियों को तत्काल कड़ी सजा देने या उन्हें भीड़ के हवाले करने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस अधिकारियों ने समझाइश देकर किसी तरह स्थिति को शांत कराया। मानपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी जादूसिंह, उसकी पत्नी कविता सहित परिवार के पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या और अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

एक ही मकान को दो बार बेचने का बड़ा फर्जीवाड़ा

7 आरोपियों पर धोखाधड़ी प्रकरण दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक ही संपत्ति को फर्जी दस्तावेजों और नोटरी के जरिए अलग-अलग लोगों को बेचने का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति को मकान बेचने के बाद उसी संपत्ति को चुपचाप दूसरे व्यक्ति को दोबारा बेच दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुख्य विक्रेता, उसके परिजनों और खरीदार सहित सभी आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार, यह मामला फरियादी अब्दुल खालिक पिता अब्दुल करीम, निवासी मयूर नगर बांक की रिपोर्ट पर दर्ज किया गया है। फरियादी अब्दुल खालिक ने पुलिस को बताया कि 15 दिसंबर 2023 को आरोपी रहमत बी ने अपनी अचल संपत्ति ग्राम सिरपुर के खसरा नंबर 350 पैकी, स्थित कॉलोनी गीता नगर का भूखंड क्रमांक-62 जिस पर मकान निर्मित है उन्हें नोटरीकृत दस्तावेजों के माध्यम से बेची थी। इस सौदे के बाद वे उक्त मकान के धारक बने थे। कुछ समय बीतने के बाद पीड़ित को जानकारी लगी कि आरोपी रहमत बी और कय्यूम अब्बासी निवासी गीता नगर, चंदननगर ने शातिर तरीके से मिलीभगत कर उसी मकान को 23 सितंबर 2024 को एक अन्य आरोपी रईस खान पिता सईद खान, निवासी इटावा, देवास को पुनः नोटरी के माध्यम से बेच दिया है।?इस पूरी धोखाधड़ी और षड्यंत्र में मुख्य विक्रेता से लेकर खरीदार और अन्य मददगारों की संलिप्तता पाई गई है। इस मामले में पुलिस ने इटावा देवास निवासी रईस खान, गीता नगर चंदननगर निवासी कय्यूम अब्बासी, मूल मकान मालकिन व विक्रेता रहमत बी, तथा षड्यंत्र में शामिल मंसूर के खिलाफ कार्रवाई की है। इसके अलावा संपत्ति के इस फर्जीवाड़े में विक्रेता रहमत बी की तीनों बेटियों मकान नंबर 47 गीता नगर इंदौर निवासी रईसा बी पति मकबूल, इटावा उज्जैन रोड देवास निवासी मुनन बी पति सईद खान, और सदर बाजार मेन रोड इंदौर निवासी सुलताना बी पति सलीम खान की सहमति और संलिप्तता भी पाई गई है।

'बाप' को पीछा कर पकड़ा 6 हजार 300 का फटका

प्लेट पर लिखा रखा था नियम विरुद्ध नम्बर, पुलिस ने पीछा कर पकड़ा, की कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



वाहन चालक नम्बर प्लेटो को फेन्सी बना देते हैं और नम्बरों को डिजाइन कर ऐसी स्थिति पैदा कर देते हैं कि उस पर नम्बर दिखने के बजाए और कुछ लिखा दिखाई देने लगता है। ऐसी ही एक बाइक एमपी-09 ईडी 6114 को नियम विरुद्ध प्लेट पर फैन्सी डिजाइन की गई और नम्बर 6114 को इस तरह से डिजाइन कराया, जिससे दूर से ही बाप लिखा दिख रहा था। पुलिस चैकिंग कर रही थी उस दौरान यह बाइक निकली तो पुलिस ने पीछा कर इस बाइक को रोका और फिर चालक को बताया कि अंकों को तोड़ मरोड़कर फैन्सी तरीके से लिखना यातायात नियम और परिवहन विभाग के नियम विरुद्ध है, वाहन चालक ने अपनी गलती स्वीकार की। आखिरकार बाप लिखे नम्बर प्लेट पर पुलिस ने 6 हजार 300 का जुर्माना किया।

सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com